शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

लखनऊ, रविवार 02 मार्च 2025 नगर संस्करण | पृष्ठ:-8 मूल्य:-4 रूपया | वर्षः- 14, अंक 57

आईएस से संबंधित एडीएफ ने की पूर्वी... • लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र • श्रेयस अय्यर ने नेट गेंदबाज जसकिरण...

दिल्ली में 8 मार्च को लागू हो सकती है 2500 रुपए वाली महिला सम्मान योजना!

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर दिल्ली की महिलाओं को बड़ा तोहफा दे सकती है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान महिला सम्मान योजना के तहत हर महिला को 2500 रुपए देने का वादा किया था। माना जा रहा है कि चुनाव जीतने के बाद अब दिल्ली सरकार अपने इसी वादे को 8 मार्च को पूरा कर सकती है। खबर है कि भाजपा महिलाओं के सम्मान में एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि इसी कार्यक्रम में भाजपा महिलाओं को लेकर अपने सबसे बड़े वादे पर कुछ ऐलान कर सकती है। इस बारे में जब दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बात की गई तो उन्होंने कहा, 8 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस है और मुझे लगता है कि देश में हर दिन को महिला दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए। हमारी सरकार हर वर्ग के लिए काम करने और उन्हें साथ लेकर चलने के लिए तैयार है। उन्होंने आगे कहा 8 मार्च की तारीख आने दीजिए, चीजें जल्द ही साफ हो जाएंगी।

पुराने वाहनों को नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

एंटी-स्मॉग गन पर जोर, दिल्ली में प्रदूषण रोकने को लेकर सरकार का बड़ा फैसला

एजेंसी

नई दिल्ली। राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बड़ी बैठक की। बैठक के बाद मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि 31 मार्च के बाद 15 साल पुराने वाहनों को ईंधन नहीं दिया जाएगा।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली में कुछ बड़े होटल, कुछ बड़े कार्यालय परिसर, दिल्ली हवाई अड्डा, बड़े निर्माण स्थल हैं। हम उन सभी के लिए अपने यहां प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए तुरंत एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं। हम दिल्ली की सभी ऊंची इमारतों में स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं। मंत्री ने आगे बताया कि हम दिल्ली के सभी होटलों में स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं।

इसी तरह, हम इसे सभी व्यावसायिक परिसरों के लिए अनिवार्य बनाने जा रहे हैं। हमने आज निर्णय लिया है कि क्लाउड सीडिंग के लिए हमें जो भी अनुमति चाहिए, हम लेंगे और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जब दिल्ली में गंभीर प्रदूषण हो, तो क्लाउड सीडिंग के माध्यम से बारिश कराई जा सके और प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। सिरसा ने पर्यावरण विभाग, एमसीडी और एनडीएमसी के साथ बैठक की। इससे पहले सिरसा ने अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा, हमारा मिशन स्वच्छ हवा और पानी सुनिश्चित करके दिल्ली को एक स्वस्थ शहर बनाना है और हम इस दृष्टिकोण को वास्तविकता में बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

2000 रुपये के नोटों की वापसी 98.18 प्रतिशत पर: आरबीआई

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने शनिवार को कहा कि 28 फरवरी, 2025 को कारोबार बंद होने तक 2000 रुपये के 98.18 प्रतिशत करेंसी नोट प्राप्त हो चुके हैं। साथ ही, यह भी कहा कि ये बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने कहा कि 2000 रुपये के नोटों की कुल कीमत 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये थी, जब 2000 रुपये के नोटों को वापस लेने की घोषणा की गई थी। यह 28 फरवरी, 2025 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 6,471 करोड़ रुपये रह गई है। इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक प्रचलन में रहे 2000 रुपये के नोटों में से 98.18 प्रतिशत वापस आ चुके हैं।

सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, एक घायल

सीतापुर। उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के थाना हरगांव में शनिवार को चीनी मिल जा रहे गन्ने से लदा ट्रक हरगांव नगर पंचायत के सामने अनियंत्रित होकर पलट गया जिसकी चपेट में आने से एक ई रिक्शा पर सवार दो लोगों की मृत्यु हो गई और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला का हरगांव अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना की सूचना पाकर नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी से ऑटो रिक्शा पर पलटे वाहन को हटवाया। सीतापुर सदर उप जिलाधिकारी अभिनय यादव ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हर गांव थाना क्षेत्र अंतर्गत हरगांव लहरपुर मार्ग पर कस्बा हरगांव में नगर पंचायत के सामने एक ओवरलोड गन्ने का ट्रक अनियंत्रित होकर ऑटो रिक्शा एवं पास की दुकानों पर पलट गया। ट्रक को तुरंत जेसीबी मशीन से गाने को हटवाया गया लेकिन इस बीच में सरवन पुत्र मेड़ाई निवासी बेनीपुर बाजपुर एवं गुरु पुत्र विनायक निवासी बेनीपुर की मृत्यु हो गई जबकि श्रीमती मंकाशा निवासी काजी टोला हरगांव गंभीर रूप से घायल हो गई। श्री यादव ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर शीघ्र ही ओवरलोड गाड़ियों की चेकिंग का सघन अभियान चलाया जाएगा।

सुगमता के लिए हजारों पुराने कायदे-कानून किए समाप्त

पहले किसी को नहीं था ध्यान, लोगों को उड़ने के लिए खुला आसमान देना हमारा मकसद: मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उन्होंने भारत में जीवन और कारोबार में सुगमता के लिए हजारों की संख्या में नियम-कायदे खत्म किए हैं, जो समय के साथ पुराने पड़ गए थे, पर आश्चर्य है कि उनकी सरकार से पहले किसी ने इसकी चिंता नहीं की थी।

श्री मोदी ने यहां भारत मंडपम में एक टीवी समाचार चैलन के परिचर्चा सम्मेलन के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा, हमारा मकसद है... देश के लोगों को जीवन जीने में आसानी दो, कारोबार करने की आसानी दो, उड़ने के लिए खुला आसमान दो। प्रधानमंत्री ने कहा, एक दशक के भीतर, हमने लगभग 1,500 ऐसे कानूनों को समाप्त कर दिया, जो अपनी प्रासंगिकता खो चुके थे, जिनमें से कई ब्रिटिश काल के थे। इस संबंध में उन्होंने बांस काटने से जुड़े कानून और आयकर विवरण प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को आसान बनाने का विशेष रूप से उल्लेख किया। श्री मोदी ने कहा, बांस पूर्वोत्तर में आदिवासी समुदायों के जीवन का एक अभिन्न अंग है। पहले, बांस काटने पर लोगों को जेल हो जाती थी, क्योंकि इसे पेड़ माना जाता था और इस पर पेड़ से संबंधित कानून लागू होते थे। हमने औपनिवेशिक काल के ऐसे कानूनों को समाप्त कर दिया। अब, आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने जैसी प्रक्रिया भी मिनटों में पूरी हो जाती है और कुछ ही दिनों में रिफंड जारी हो जाता है। श्री मोदी ने कहा, उनकी सरकार 'छोटे तंत्र से बड़े काम के मंत्र' पर काम करती है ताकि शासन-प्रशासन में कुशलता हो।

हमने लगभग 1,500 ऐसे कानूनों को समाप्त कर दिया: प्रधानमंत्री

आज भारत बहुत बड़े टारगेट्स रख पा रहा है, उनको अचीव कर रहा है... तो इसके मूल में एक खास मंत्र है। यह मंत्र है-मिनिमम गवर्नमेंट , मैक्जिमम गवर्नेंस (न्यूनतम तंत्र, अधिकतम शासन-व्यवस्था)। यह कुशल और प्रभावी शासन व्यवस्था का मंत्र है। बीते एक दशक में हमने करीब 1,500 ऐसे कानूनों को खत्म किया है, जो अपना महत्व खो चुके थे। इनमें से बहुत सारे कानून अंग्रेजी शासन के दौरान बने थे।

भूमि अधिग्रहण व मुआवजा वितरण की कार्रवाई 15 मार्च तक पूरी हो: योगी

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को यहां अपने सरकारी आवास पर केन्द्र व राज्य सरकार से सम्बन्धित विकास परियोजनाओं की समीक्षा की तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। योगी ने कहा कि विभिन्न जनपदों में क्रियान्वित की जा रहीं विकास परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण तथा मुआवजा वितरण की कार्रवाई आगामी 15 मार्च तक पूरी कर ली जाए। लोकमहत्व से जुड़ी विकास परियोजनाओं की समयबद्धता आवश्यक है। इनसे रोजगार सृजन के साथ-साथ आम जनमानस के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। परियोजना में देरी से कॉस्ट रिवाइज करने की आवश्यकता पड़ती है, जिससे राजस्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। विकास परियोजनाओं के लिए जिला प्रशासन भूमि अधिग्रहण/मुआवजा वितरण की नियमित समीक्षा करते हुए प्रभावित किसानों/परिवारों से संवाद स्थापित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलाधिकारी प्रत्येक सप्ताह व मण्डलायुक्त प्रत्येक 15 दिन पर विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करें और मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय व सम्बन्धित विभागों के उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए टिप्पणी भेजें। सामान्य नागरिक विकास चाहता है। उसे विकास के अच्छे परिणामों से अवगत कराएं। मुआवजे के लिए सर्किल रेट की जानकारी उसे पहले से ही उपलब्ध करा दी जाए। प्रारम्भ हो चुके प्रोजेक्ट्स में नोडल अधिकारियों की निश्चित रूप से तैनाती हो। साथ ही, कार्यों की गुणवत्ता व समयबद्धता का पूर्ण ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में ई0एस0आई0सी0 के 350 और गोरखपुर में 100 बेड के हॉस्पिटल निर्माण की कार्रवाई को समयबद्ध रूप से आगे बढाएं। इस कार्य में आ रही समस्याओं का तत्काल समाधान भी निकाला जाए। ग्रेटर नोएडा में हॉस्पिटल निर्माण से लगभग एक हजार प्रत्यक्ष तथा दो-तीन हजार अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन होगा। विकास कार्यों में अवरोध उत्पन्न करने वाले लोगों को चिन्हित करें और उनसे सख्ती से निपटें। योगी ने जनपद वाराणसी से जुड़े कई विकास कार्यों के बारे में भी जानकारी ली और इन कार्यों को समयबद्ध -सजयंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

गोरखपुर मस्जिद पर प्रशासन का एक्सन

अवैध अतिक्रमण को तोड़ने का काम शुरू

एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर में चार मंजिला अवैध मस्जिद पर प्रशासन का एक्शन। गोरखपुर विकास प्रधिकरण जीडीए ने भेजा था नोटिस। अवैध मस्जिद को तोड़ने का काम शुरू कर दिया गया है। आपको बता दें कि इस समय उत्तर प्रदेश में प्रशासन की नजर इन दिनों अवैध मस्जिदों पर टिकी हुई है। पहले कुशीनगर में मदनी मस्जिद पर बुलडोजर चलाया गया। इसके बाद मेरठ में 85 साल पुरानी जहांगीर खां मस्जिद को बीते दिनों पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में एनसीआरटीसी द्वारा हटवाया गया और अब गोरखपुर में भी एक मस्जिद को जीडीए ने 15 दिन में खुद तोड़ने का अल्टीमेटम दे दिया था। जिसे अब तोड़ा जा रहा है। गोरखपुर में घोष कंपनी चौराहे के पास नगर निगम की 47 डिसमिल भूमि पर अवैध कब्जा किया गया था। बीते 7 माह पहले नगर निगम टीम ने बोलडोजर की मदद से इस पूरे अवैध कब्जे को खाली कराया। अब यहां जल्द ही मल्टीलेबल काम्प्लेक्स बनाया जाएगा, लेकिन इसी जमीन के 520 स्क्वायर फीट में तीन मंजिला मस्जिद का निर्माण हुआ है। आपको बता दें की बिना स्वीकृत के यहां तीन मंजिला मस्जिद का निर्माण हुआ है। जिसको गिराने के लिए जीडीए द्वारा एक नोटिस जारी किया था।

छोटे निवेशकों के हित में पारदर्शी बाजार नियामक जरूरी: राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शेयर बाजार में रिकॉर्ड गिरावट के कारण मचे कोहराम पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि छोटे निवेशकों के हित के लिए वर्तमान माहौल में पारदर्शी बाजार नियामक व्यवस्था की सख्त जरूरत है। श्री गांधी ने शनिवार को कहा कि शेयर बाजार में भूचाल आया हुआ है और ऐसी स्थिति में छोटे निवेशकों को हो रहा नुकसान उनके लिए चिंता का विषय बन गया है। उनका कहना है कि खुदरा निवेशकों की सुरक्षा को जरूरी बताते हुए कहा कि इसके लिए पारदर्शी निवेदक व्यवस्था आवश्यक है। उन्होंने कहा, जब-जब बाज़ार गिरता है, खुदरा निवेशक का ही सबसे ज्यादा नुकसान होता है। मेरे लिए मध्यमवर्ग से आने वाले इन खुदरा निवेशकों के बचत, हितों और निवेश की रक्षा करना सबसे अहम है-और इसके लिए सबसे ज़रूरी है पारदर्शी बाजार नियामक।

प्राकृतिक खेती को विस्तार देगी योगी सरकार

खर्च करेगी 270.62 करोड़ रुपए, जन, जमीन और जल के लिए संजीवनी है रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को और विस्तार देगी। सरकार ने तय किया है कि अब सिर्फगंगा ही नहीं स्थानीय नदियों के दोनों किनारे पर 5ध्5 किलोमीटर के दायरे में सिर्फप्राकृतिक खेती होगी।

इस बाबत 1886 क्लस्टर बनाए जाएंगे। सरकार इस पर 270.62 करोड़ रुपए खर्च करेगी। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि हाल में हुई राज्य स्तरीय कृषि समिति की बैठक में इस कार्ययोजना को मंजूरी भी मिल चुकी है। इसके पूर्व कैबिनेट में भी प्राकृतिक खेती और खेत तालाब योजना के लिए इसके पूर्व भी 1191.51 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली थी। सूत्रों के अनुसार, हाल ही में सरकार की ओर से प्रस्तुत बजट में भी नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के तहत प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए 124 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। सरकार की योजना है कि प्रदेश में गंगा सहित सभी स्थानीय नदियों जिन जिलों से गुजरती है उनके दोनों किनारों पर एक दायरे में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन दिया जाए।

ऐसी खेती जिसमें रासायनिक खादों और जहरीले कीटनाशकों की जगह उपज बढ़ाने और फसलों के सामयिक संरक्षण के लिए पूरी तरह जैविक उत्पादों का प्रयोग हो ताकि लीचिंग रिसाव के जरिए रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों का जहर इन नदियों में घुलकर उनको प्रदूषित न कर सकें। उल्लेखनीय है कि गंगा के तटवर्ती 27 जनपदों में पहले से ही नमामि गंगे योजना चलाई जा रही है, जिसके अंतर्गत रसायनमुक्त खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार गंगा के किनारे के 1000 से अधिक गांवों में प्राकृतिक खेती हो रही है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के 54 जनपदों में परंपरागत कृषि विकास योजना संचालित की जा रही है। सरकार की मंशा निराश्रित गोवंश के नाते सबसे प्रभावित बुंदेलखंड को प्राकृतिक खेती के लिहाज से उत्तर प्रदेश का हब बनाना है।

RNI : UPHIN/2012/45286

शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र (प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया)

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत

YouTube shakuntimes

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के सम्पूर्ण जिले में तहसील और ब्लाक स्तर पर संवाददाता की

प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया

यदि आप भी समाज में फैले हुए भ्रष्टाचार के विरूद्ध उठाना चाहते है आवाज़ तो शकुन टाइम्स दे रहा है आपको एक बेहतरीन मौका

अधिक जानाकरी के लिए

अपना नाम व जिला हमें WhatsaApp करें

9935781155, 9415052283

आपरेशन अवैध अस्पताल

वाराणसी जनपद का स्वास्थ्य विभाग भगवान भरोसे

बिना किसी डिग्री के अस्पताल खोलना है तो चोलापुर क्षेत्र में आइये

जिम्मेदार विभाग और अधिकारियों की मेहरबानी से धड़ल्ले से संचालित हो रहे है अवैध मानकविहीन अस्पताल

शकुन टाइम्स
राजकुमार यादव

वाराणसी। सूबे के उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक डाल-डाल तो वाराणसी जनपद के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पात-पात ऐसा इस कारण से लिखना पड़ रहा है कि वाराणसी जनपद के चोलापुर ब्लॉक में मानकविहीन अवैध अस्पतालों का बोलबाला है और ज़िम्मेदार अधिकारी जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करने का कार्य करते है सूत्रों की माने तो यह सब कुछ चोलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एक जिम्मेदार अधिकारी के सह पर चल रहा है और जब ऊपर से कोई जिम्मेदार अधिकारी जांच के लिए आता है तो पहले से ही सबको सूचना प्रदान कर दी जाती है जिससे उस अधिकारी को जांच में कुछ भी नहीं मिलता है और जब कभी किसी अवैध अस्पताल में किसी मासूम की जान चली जाती है तो जांच के नाम पर कुछ दिन अस्पताल को बंद कर दिया जाता है और मामला ठंडा होते ही पुन: अस्पताल का संचालन प्रारंभ हो जाता है और मौत का खेल फिर से चालू हो जाता है।

बोले अफसर

अवैध अस्पतालों के विरुद्ध जांच चल रही है और जो भी अस्पताल नियम के विरुद्ध संचालित होते हुए पाए जाएंगे उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

डॉक्टर आर बी यादव
प्रभारी,
(चोलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र)

बीना किसी नाम के ही संचालित हो रहे है अवैध मानकविहीन अस्पताल

सम्पूर्ण चोलापुर क्षेत्र में बिना किसी नाम के ही अवैध मानकविहीन अस्पतालों का बोलबाला है यह सभी अस्पताल सिर्फ और सिर्फ सेटिंग के आधार पर ही संचालित हो रहे है और इन अस्पतालो में कोई भी डिग्रीधारी डॉक्टर नहीं है और न ही कोई ट्रेंड नर्सिंग स्टाफ और यही कारण है कि कोई जब कोई बड़ी घटना घटित होती है तो पूरा स्टाफ भाग खड़ा हो जाता है सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि पीड़ित परिवार को मोटी रकम देकर सब कुछ मैनेज किया जाता है और पुन: मौत का दुकान खोल लिया जाता है इन सबका जिम्मेदार कहीं ना कहीं स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ही है जो सब कुछ जानते हुए भी मौन स्वीकृति प्रदान किए हुए है अब देखना है कि खबर प्रकाशित होने के बाद क्या जिम्मेदार विभाग अपने कुंभकर्णी नींद से जागता है कि नहीं ?

धवर भंवर धर्म संघ का विशाल भंडारा हुआ संपन्न

शकुन टाइम्स संवाददाता

जौनपुर। थाना लाइन बाजार क्षेत्र के ग्राम नेवादा मैं हर वर्षों के भांति धवर भंवर वीर बाबा मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व पर अखंड रामायण का आयोजन किया गया। गांव वासियों द्वारा मंदिर पर कई वर्षों से महाशिवरात्रि पर्व पर अखंड रामायण व विशाल भंडारा का आयोजन करते चले आ रहे हैं मान्यता यह है कि 12 गांव के सोलंकी परिवार के डीह बाबा हैं जिनका प्रत्येक वर्ष विधि विधान द्वारा पूजन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी सोलंकी परिवारों द्वारा अखंड रामायण विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद को ग्रहण किया। धर्म संघ अध्यक्ष केशव सिंह, आलोक सिंह पूर्व प्रधान, मनीष सिह, सतीश मिश्रा, मैनेजर शुक्ला, अजय मिश्रा, राहुल मिश्रा, रवि सिंह, सर्वेश सिंह,जितेन्द्र प्रताप सिंह पूर्व प्रधान, वंशलोचन सिंह,प्रेम प्रकाश सिंह, आदि मौजूद रहे।

दहेज हत्या में पति को 7 साल की सजा,17 हजार का लगाया जुर्माना

उरई/जालौन। जालौन में एक दहेज हत्या के मामले में न्यायालय ने पति को 7 साल की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी पर 17 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। मामला 14 साल पुराना है। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम हदरुख निवासी दशरथ की बेटी रीना की शादी जालौन के ग्राम हरकौती निवासी शंकर से हुई थी। 30 दिसंबर 2010 को दहेज की अतिरिक्त मांग पूरी न होने पर शंकर और उसके परिजनों ने रीना को जहर दे दिया। 2 जनवरी 2011 को रीना की मृत्यु हो गई। पीड़िता के पिता ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया। मामले में पति शंकर, ससुर लल्लू राम और सास कुंती देवी का नाम सामने आया। जांच के बाद तीनों के खिलाफआरोप पत्र दाखिल किया गया। ट्रायल के दौरान ससुर लल्लू राम की मृत्यु हो गई। सास कुंती देवी के खिलाफकोई साक्ष्य नहीं मिला। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम शिवकुमार द्वितीय की अदालत में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पति शंकर को दोषी पाया गया।

साक्ष्य और गवाहों के आधार पर कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। फैसले के बाद पुलिस ने दोषी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

जनपद के सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता

जौनपुर। शासन के निर्देश के क्रम में जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित किया गया और निर्देश दिया गया कि समाधान दिवस पर आने वाली शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुने और इसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जमीन विवाद, राजस्व विभाग, विकास विभाग, पुलिस विभाग, विद्युत सम्बन्धित, पेंशन सहित अन्य विभागों के 63 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा 07 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया और शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ठ, उप जिलाधिकारी सदर पवन सिंह, तहसीलदार सौरभ, नायब तहसीलदार सन्दीप सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसी प्रकार समस्त तहसील में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

संक्षिप्त सामाचार

दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष की सश्रम कारावास

कौशांबी। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले की एक अदालत ने दुष्कर्म के दोषी को शनिवार को 10 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा के साथ 10,000 जुर्माने की सजा सुनाई। अभियोजन के अनुसार वादी द्वारा 15 जुलाई 2019 को सराय अकिल थाना में सूचना दर्ज कराई कि उसकी पुत्री के साथ राजू पासी निवासी नगरेहा ने दुष्कर्म किया है। पुलिस ने आरोपी केविरुद्ध धारा 376, 504, 506 के तहत रिपोर्ट लिखकर विवेचना उपरांत आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। इस मामले की सुनवाई एडीजे एफटीसी प्रथम विष्णु देवसिंह की अदालत में शुरू हुई। दोनों पक्षों का तर्क सुनने एवं पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के उपरांत अदालत ने आरोपी राजू पासी को दुष्कर्म का दोषी पाया जिस पर आज दोषी को 10 वर्ष की कठोर कारावास की सजा के साथ 10,000 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई, भनोता गांव में 17 करोड़ की जमीन कराई गई कब्जा मुक्त

नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अवैध निर्माण के खिलाफबड़ी कार्रवाई की है। प्राधिकरण की टीम ने भनोता गांव में बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई महाकुंभ के कारण पुलिस बल की कमी के चलते कुछ समय से रुकी हुई थी। प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार, भनोता गांव के पास अधिसूचित क्षेत्र में कॉलोनाइजर अवैध रूप से कॉलोनी काट रहे थे। परियोजना विभाग के वर्क सर्किल 2 की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने दो जेसीबी और दो डंपर का इस्तेमाल करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। कार्रवाई के दौरान प्राधिकरण ने 8450 वर्ग मीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराया। इस जमीन की कीमत लगभग 17 करोड़ रुपए आंकी गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी ने चेतावनी दी है कि अधिसूचित क्षेत्र में जमीन पर कब्जा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने सभी वर्क सर्कल को अपने क्षेत्र में अतिक्रमण रोकने के लिए विशेष निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जहां भी अवैध निर्माण मिले, उसे तत्काल प्रभाव से ध्वस्त किया जाए।

एक दिन में 100 वाहनों के काटे चालान, यातायात नियम तोड़ना पड़ा भारा

बांदा। जनपद में बढ़ते सड़क हादसों को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के नेतृत्व में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। शहर के मुख्य चौराहों पर चलाए गए इस अभियान में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने हेलमेट न लगाने वाले दोपहिया वाहन चालकों समेत कुल 100 वाहनों के चालान काटे। इस दौरान करीब एक लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया। ट्रैफिक पुलिस बाइक, कार और टेंपो चालकों के खिलाफसख्त कार्रवाई कर रही है। साथ ही पुलिस लोगों को जागरूक भी कर रही है।

ट्रक ने राहगीर को टक्कर मारी, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

बांदा। जनपद के गिरवा थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। गिरवा देवी रोड पर देर शाम एक तेज रफ्तार ट्रक ने राहगीर को टक्कर मार दी। हादसे में प्रेम राजपूत नाम के व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बभनी सीएचसी में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति जल्द हो: एआईपीएफ

नागरिकों ने डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को भेजा पत्र

शकुन टाइम्स संवाददाता

बभनी/सोनभद्र। आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट ने बभनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेषज्ञ चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ के रिक्त पदों को तत्काल नियुक्ति का मुद्दा उठाया है। इस संबंध में नागरिकों ने डिप्टी सीएम व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को पत्र भेजकर मांग की है कि बभनी सीएचसी को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु जनरल फिजिशियन, शल्य चिकित्सा व स्त्री रोग विशेषज्ञ व पैरामेडिकल स्टाफ के रिक्त पदों पर तत्काल नियुक्ति की जाए और अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य मंत्री के संज्ञान में लाया गया कि बभनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समुचित इलाज हेतु आवश्यक संसाधनों के अभाव में मजबूरन बहुतायत मरीजों को जिला अस्पताल अथवा अन्य अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है । जिला अस्पताल की

यहां से तकरीबन डेढ़ सौ किमी दूर है। महिलाओं के प्रसव जैसे मामलों में जटिल स्थिति पैदा होने पर इतनी दूर ले जाना संभव नहीं है। इससे सुरक्षित प्रसव के अभाव में महिलाओं की मृत्यु तक हो जाती हैं। ऐसे में नागरिकों की इन बेहद जरूरी सवालों को हल करने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं। गौरतलब है कि सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक जनरल फिजिशियन, शल्य चिकित्सा, बाल रोग और स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की अनिवार्य रूप से नियुक्ति का प्रावधान है। सरकार का यह भी शासनादेश है कि सोनभद्र जैसे महत्वकांक्षी अति पिछड़े जनपदों में एक भी सरकारी पद खाली न रहें। बावजूद इसके बभनी समेत जनपद के अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों के बहुतायत पद रिक्त हैं। खासकर किसी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है। इसी तरह पैरामेडिकल स्टाफ के पद भी खाली हैं। पत्र में हस्ताक्षर करने वाले प्रमुख लोगों में एआईपीएफ जिला सचिव इंद्रदेव खरवार, बीडीसी सदस्य गंगोत्री देवी, युवा मंच के श्याम ज्ञान, ललिता देवी रौनियार, राम जीत खरवार, देव कुमार खरवार, गोपाल दास जायसवाल, अयोध्या प्रसाद रौनियार, नंद कुमार जायसवाल, संजय कुमार जायसवाल, दीपक सिंह, जगदीश प्रसाद, हीरालाल खरवार, राम कुमार जायसवाल, आदित्य, प्रताप सिंह, धर्म सिंह, अजय कुमार, प्रदीप, अरविंद, वीरेन्द्र, मानिक चंद, कमलेश, विकास, विनोद, जुगेश कुमार, शुभम जायसवाल, रितेश जायसवाल , राम लखन आदि शामिल रहे।

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का भव्य समापन

शकुन टाइम्स संवाददाता

जौनपुर। सहकारी पी.जी. कॉलेज में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल युनिवर्सिटी के निर्देश के क्रम में विसेश शिविर का दिनांक 23/02/2025 से 01/03/2025 तक सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शनिवार हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ प्रथम सत्र में सरस्वती बंदना एवं अतिथी का स्वागत एवं सम्मान किया गया कार्यक्रम के , मुख्य अतिथि श्री सुधाकर सिंह ग्राम प्रधान सोनीकपुर विशिष्ट अतिथि श्री अनिल कुमार सिंह ग्राम प्रधान मिहरावा एवं श्री राजीव कुमार सिंह जी थे उन्होंने स्वयं सेवक एवं सेविका को अनुशासन और सेवा-भावना की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण युवाओं को समाज सेवा और नेतृत्व के गुण सिखाने का उत्कृष्ट माध्यम है। इसके बाद प्रशिक्षुओं ने स्वच्छता एवं रंगोली प्रतियोगिता में अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया। द्वितीय सत्र में स्वयं सेवक एवं सेविका का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजित हुआ, जिसके विसीस्ट अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक आदरणीय श्री राजीव कुमार सिंह जी रहे। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एनएसएस केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक संस्कार है, जो युवा पीढ़ी को नेतृत्व, अनुशासन और समाजसेवा का पाठ पढ़ाता है। यह प्रशिक्षण शिविर युवाओं के व्यक्तित्व विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सहकारी इण्टर कॉलेज, मिहरावा के प्रधानाचार्य डॉ आर डी सिंह ने कहा कि अनुशासन और सेवा-भावना ही सच्चे राष्ट्र निर्माण की नींव है। प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान और अनुभव को छात्र-छात्राएं अपने जीवन में अपनाएँ और सदैव समाज सेवा के लिए तत्पर रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ प्रमोद कुमार सिंह ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह शिविर केवल प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि नेतृत्व, अनुशासन और सेवा-भाव को आत्मसात करने का अवसर है। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्र समाज सेवा के महत्व को समझते हैं और अपने कर्तव्यों के प्रति अधिक जागरूक होते हैं।

सिविर में आये सभी अतिथ का स्वागत प्रो पुरुषा सिंह ने किया

धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार सिंह ने किया उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी व्यक्तियों और छात्रों को उनकी सक्रिय सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि यह शिविर प्रत्येक प्रतिभागी के लिए सीखने और आत्मविकास का शानदार अवसर था। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ विकास सिंह ने किया दोनों कार्यक्रम अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण शिविर पूरी तरह से अनुशासित और प्रभावी रहा।

सभी कार्यक्रम डॉ मनोज कुमार सोनकर के देख रेख में हुआ

इस अवसर पर डॉ. राजबहादुरयादव, डॉ योगेन्द्र प्रताप सिंह डॉ. डॉ नीतेश यादव डॉ रविकांत, डॉ. नीरज सिंह, डॉ. शैलेश सिंह, डॉ. तारकेश्वर सिंह, डॉ. बृजेश श्रीवास्तव, संजय सिंह, डॉ विवेक कुमार सिंह श्री योगेश सिंह एवं पवन श्रीवास्तव एवं जोगिंदर सिंह एवं समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे।

जियो कर्मचारी पर जानलेवा हमला, दबंग ने बाइक रोककर पेट में घोंपा चाकू

बांदा। जिले के तिंदवारी थाना क्षेत्र में एक जियो कंपनी के कर्मचारी पर दबंग ने चाकू से हमला कर दिया। घटना अमलीकौर के पास हुई। पीड़ित सुभाष काम से वापस लौट रहा था। इस दौरान एक दबंग ने उसकी बाइक के सामने अपनी बाइक लगा दी।

आरोपी ने सुभाष के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब सुभाष ने इसका विरोध किया, तो दबंग ने चाभी के गुच्छे में छिपा चाकू निकाला और सुभाष के पेट में घोंप दिया। हमले के बाद आरोपी सुभाष की गाड़ी लेकर फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल सुभाष को अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार सुभाष की हालत गंभीर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी की तलाश के साथ चोरी की गई गाड़ी की भी बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

गैंगेस्टर एक्ट के आरोपी की जमानत मंजूर

शकुन टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के द्वारा गैंगस्टर एक्ट के आरोपी की जमानत अर्जी मंजूर कर ली है अभियुक्त की तरफ से अधिवक्ता नीरज यादव एवं अधिवक्ता अजीत यादव ने अपना पक्ष रखा इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने गैंगस्टर के आरोपी रुपेश शुक्ला की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली है अधिवक्ता *नीरज यादव और अधिवक्ता अजीत कुमार यादव ने* पक्ष रखा अभियोजन कथानक के अनुसार गुरघुरी तालाब मोहन रोड कनौजिया सिटी लखनऊ उत्तर प्रदेश के रहने वाले रुपेश शुक्ला एक अपना बड़ा गिरोह बनाकर मोटरसाइकिल चोरी की घटना को कार्य करता था जिसमें वाराणसी की थाना सिगरा की पुलिस ने तमाम

मुकदमा में जेल भेजने का तथा सभी मुकदमे के खुलासा करके उसके ऊपर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई किया था।प्रथम जमानत प्रार्थना पत्र जिला एवं सत्र न्यायालय वाराणसी के द्वारा निरस्त किए जाने के उपरांत माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने आरोपी की जमानत मंजूर कर ली है।

पीएनबी ने किया छात्रों को प्रोत्साहित, वितरित किए बैग और सैनेट्री पैड

शकुन टाइम्स संवाददाता

बड़ागांव। विकास खंड के कम्पोजिट विद्यालय बड़ागांव में आज पंजाब नैशनल बैंक (PNB) शाखा बड़ागांव द्वारा 135 छात्रों को बैग और छात्राओं को सैनेट्री पैड वितरित किए गए। साथ ही, विद्यार्थियों के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु आरओ मशीन भी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ PNB के जीएम दीपक सिंह, डीजीएम प्रभास चन्द्रलाल और एजीएम बृजलाल गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जीएम दीपक सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि PNB बैंक न केवल ग्राहक सेवा में बल्कि सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी है। उन्होंने विद्यालय के छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां के विद्यार्थी न केवल शिक्षा में बल्कि संस्कारों में भी निपुण हैं। उन्होंने बच्चों को लगन और मेहनत से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी और बैंक द्वारा शिक्षा, खेल और व्यापार सहित हर आवश्यक सहायता देने का वादा किया।

डीजीएम प्रभास चन्द्रलाल ने बताया कि PNB विकास योजना के तहत बैंक हर साल ग्रामीण व शहरी विद्यालयों को सहायता प्रदान करता है। एजीएम बृजलाल गुप्ता ने बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। विद्यालय पहुंचने पर खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार मिश्रा ने अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया, जबकि प्रधानाध्यापिका निर्मला देवी ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शाखा प्रबंधक करुणा शंकर ने किया और धन्यवाद ज्ञापन ग्राम प्रधान अतुल सिंह ने दिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा प्रमुख रूप से श्रुति सिंह, हरेंद्र कुमार, आनंद प्रकाश सिंह, रोहित कुमार, प्रेषिता अरोड़ा और वीरेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

रंग लाया सांसद के तल्ख तेवर ओवरब्रिज का मार्किंग शुरू

शहर में जाम से जल्द मिलेगी निजात, ओवरब्रिज के निर्माण के लिए रेलवे प्रशासन ने बढाया कदम

शकुन टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। पडरौना शहर को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए दो अलग अलग रेलवे क्रासिंग पर प्रस्तावित ओवरब्रिज और अंडरपास का निर्माण कार्य अधर मे लटका हुआ था। क्षेत्रीय सांसद विजय दूबे के तल्ख नाराजगी के बाद नगर के भूतनाथ कालोनी नोनिया पट्टी ढाला पर ओवरब्रिज निर्माण को लेकर रेलवे के इंजिनियर और आईओडब्लू की मौजूदगी व नायब तहसीलदार के नेतृत्व मे गठित राजस्व टीम ने मार्किंग शुरू कर दी है। बतादे कि पडरौना नगर को जाम के झाम से निजात दिलाने के लिए सुभाष चौक से मेन बाजार जाने वाली सडक पर स्थित रेलवे क्रासिंग पर अंडरपास व नोनिया पट्टी ढाले पर ओवरब्रिज के निर्माण के लिए वर्ष 2023 मे क्षेत्रीय सांसद विजय दूबे ने भूमि पूजन कर शिलान्यास किया था। इसके लिए 65 करोड रुपये का बजट भी मंजूर हो गया था। किन्तु कुछ तकनीकी कारणों के वजह से अंडरपास व ओवरब्रिज निर्माण का कार्य अधर मे लटक गया था। शहर में बढती जाम की समस्या को लेकर पडरौनावासियों के लगातार बुलंद हो रहे आवाज को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रीय सांसद विजय दूबे बीते दिनों पूर्वोत्तर रेलवे के अधिकारियों से मिलकर तल्ख नाराजगी जताई थी। नतीजतन अंडरपास व ओवरब्रिज के निर्माण के लिए न सिर्फ निविदा आमंत्रण की प्रक्रिया शुरू हो गयी बल्कि भूतनाथ कालोनी नोनिया पट्टी रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज निर्माण के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के इंजिनियर व आईओडब्लू की मौजूदगी व नायब तहसीलदार शैलेश सिंह के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक अरविन्द पति त्रिपाठी, लेखपाल योगेन्द्र गुप्ता, बंशबहादुर यादव, गजेन्द्र प्रताप सिंह, अग्निवेश पाण्डेय व रामदर्शन शर्मा ने राइट आफ वे का मार्किंग शुरू कर दिया है। उप जिलाधिकारी सदर व्यास नरायण उमराव द्वारा जारी आदेश प्रतांक संख्या 225/रा0लि/2025 मे राजस्वकर्मियो को निर्देशित किया है कि कार्यालय उप0 मुख्य इंजीनियर/नि0/प्रथम/वाराणसी के पत्र दिनांक 21.02.2025 के द्वारा पडरौना के नोनिया पट्टी क्रासिंग संख्या-67 सी पर बन रहे आरओबी के निर्माण के सम्बन्ध समपार संख्या - 67सी के दोनो तरफ लगभग 500 मीटर का राईट ऑफ वे का मार्किंग कराये जाने की अपेक्षा की गयी है जिसके क्रम में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के लिए शैलेश सिंह, नायब तहसीलदार पडरौना के नेतृत्व टीम का गठन किया जाता है। राजस्व निरीक्षक अरविन्द पति त्रिपाठी, लेखपाल योगेन्द्र गुप्ता, लेखपाल बंशबहादुर यादव, लेखपाल, गजेन्द्र प्रताप सिंह, लेखपाल अग्निवेश पाण्डेय, लेखपाल रामदर्शन शर्मा को निर्देशित किया जाता है कि मौके पर उपस्थित होकर नियमानुसार राईट ऑफ वे का मार्किंग सुनिश्चित करें तथा अपनी सुस्पष्ट आख्या मय फोटोग्राफ्स अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें।

बुआ के घर से लाकर बड़े भाई ने की थी बहन की हत्या

छोटे भाई ने लगाया आरोप

शकुन टाइम्स संवाददाता

बहराइच। जिले के बाहरपुर गांव में स्थित अरहर के खेत में मिली युवती के लाश की पहचान हो गई है। युवती सीतापुर जिले के रहनी वाली है जो अपने बुआ के यहां बाराबंकी में रहती थी। युवती को बुआ के घर से लाकर बहराइच में हत्या कर खेत में शव फेंक दिया गया। वहीं युवती के छोटे भाई ने बड़े भाई पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर भी दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।हरदी थाना क्षेत्र के बाहरपुर गांव में स्थित अरहर के खेत में शुक्रवार शाम को एक युवती का शव मिला था। अज्ञात युवती की पहचान के लिए हरदी थाने की पुलिस ने फोटो शेयर किया। जिससे उसकी पहचान सीतापुर जिले के थाना थानगांव गांव क्षेत्र के रन्डा गांव निवासी चंदा के रूप में हुई है। मृतक युवती के मामा लखीमपुर खीरी जिले के शारदा नगर निवासी विक्रम चौहान ने बताया कि सीतापुर जिले के थाना थानगांव अंतर्गत रन्डा गांव निवासी 18 वर्षीय युवती के माता पिता की मौत हो चुकी है। युवती के चार भाई भी हैं। माता पिता के न होने पर युवती बाराबंकी जिले के कुर्सी थाना क्षेत्र के टिकईगंज में अपनी बुआ के यहां रहती थी। उसी की लाश मिली है। प्रभारी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार मिश्रा ने बताया कि युवती के भाई आकाश ने चंदन पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी के बीच शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सभी बिंदु पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम हाउस आए मृतक युवती के मामा विक्रम ने बताया कि युवती पांच दिनों से गायब थी।

संक्षिप्त सामाचार

प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले सरकारी डॉक्टरों को डीएम की चेतावनी

संत कबीर नगर। उत्तर प्रदेश की जनपद संत कबीर नगर के जिलाधिकारी (डीएम) महेंद्र सिंह तंवर ने सरकारी डॉक्टरों कों चेतावनी दी हैं कि वे प्राइवेट प्रेक्टिस करने से बचें। शासन के आदेश का पालन करें क्योंकि उल्लंघन किया जाना सेवा नियमावली के विपरीत है। श्री तंवर ने आगे कहा कि प्राइवेट प्रेक्टिस करने वालों सरकारी डॉक्टरों कों चिन्हित किया जायेगा जिसके लिए अलग से टीम गठित किया गया है। सबूत के साथ रिपोर्ट मिलने पर प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले सरकारी डॉक्टर बर्खास्त के लिए शासन को पत्र भेजा जायेगा और जिले स्तर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी।

संस्कृत बोर्ड परीक्षा में 130 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा संचालित माध्यमिक परीक्षा में श्रीनाथ संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केंद्र पर 130 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। वर्ष 2025 की परीक्षा में इस केंद्र पर जिले के आठ संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों श्रीनारायण संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसानगंज, लक्ष्मी नारायण संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लक्ष्मीगंज, संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बतरडेरि, श्रीनाथ संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं,श्री संस्कृत पाठशाला रामकोला,रविंद्राश्रम संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रविन्द्र नगर, महानिर्वाण संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसया का केंद्र निर्धारण किया गया है जहां पूर्व मध्यमा के३133, उत्तर मध्यमा प्रथम के 74, एवं उत्तर मध्यमा द्वितीय के 56कुल 263छात्र परीक्षार्थी हैं। शनिवार को परीक्षा के दिन प्रथम पाली में 130 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

16 साल की लड़की का घर में दुपट्टे से लटका मिला शव, फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी

बस्ती। जनपद के लालगंज थानाक्षेत्र के बानपुर में एक 16 वर्षीय किशोरी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में दुपट्टे से लटका मिला। चौकीदार ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही लालगंज पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई।

जनपद के सात अभियुक्तों को एडीएम ने किया जिला बदर

कुशीनगर। अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक प्रेम कुमार ने गुण्डा एक्ट नियंत्रण अधिनियम की धारा 3/4 के अन्तर्गत ऐसे अभियुक्त जिनके विरूद्ध सम्बन्धित थाने मे गम्भीर मुकदमा दर्ज है उनको लोक शांति के दृष्टिगत गुण्डा घोषित करते हुए जनपद की सीमा से छः माह के लिए निष्कासित करते हुए जिला बदर किया गया है। छः माह के लिए जिलाबदर में लंका उर्फ जहरुद्दीन पुत्र फारूक ग्राम मुकुंदहा दिवान टोला थाना कसया को जिला देवरिया, जमीर पुत्र हजरत ग्राम कूचियां टोला पिपरा थाना पटहेरवा को महराजगंज, हेमंत तिवारी पुत्र कन्हैया तिवारी ग्राम मठिया श्रीराम थाना तरया सुजान को जनपद देवरिया, आबिद पुत्र मैनुद्दीन ग्राम जवार भैंसहा थाना पटहेरवा को जनपद देवरिया, रफी अहमद पुत्र इंद्रीश ग्राम बसहिया बनवीरपुर थाना पडरौना को जनपद देवरिया, आलोक मद्धेशिया पुत्र सरल मद्धेशिया ग्राम सलेमगढ़ थाना तरायासुजान को देवरिया तथा उमर फारूक उर्फ छोटे अंसारी पुत्र मैनुद्दीन ग्राम सबया थाना कसया शामिल है। उक्त आदेश 28 फरवरी 2025 से प्रभावी है।

डाक्टर बीना अग्रहरि को नीट पीजी में स्त्री एवं प्रस्तुति रोग विभाग में एमएस मिलने पर पीपीगंज क्षेत्र में खुशी की लहर

शकुन टाइम्स संवाददाता

पीपीगंज/गोरखपुर। डाक्टर बीना अग्रहरि पत्नी डॉक्टर निरंजन अग्रहरि को नीट पीजी में स्त्री एवं प्रस्तुति रोग विभाग में एमएस मिलने पर पीपीगंज क्षेत्र में खुशी के लहर है मालूम है कि डाक्टर बीना अग्रहरि भाजपा के वरिष्ठ नेता जगदम्बा प्रसाद अग्रहरि की पुत्र बधू व प्रभारी चिकित्साधिकारी बृजमनगंज डाक्टर निरंजन अग्रहरि की पत्नी है उनके इस उपलब्धि पर पर नगर पंचायत के डॉक्टर दीपक सिंह अमित सिंह मोनू भाजपा नेता विंद्रशन चौधरी नगर पंचायत पीपीगंज के अध्यक्ष लक्ष्मण विश्वकर्मा सभासद सनी जायसवाल राघवेंद्र सिंह मंटू वाले वीर मौर्य भाजपा नेता पशुपतिनाथ अग्रहरि राकेश चौधरी परमात्मा चौधरी अरुण लाल श्रीवास्तव मधुसूदन मिश्रा महेंद्र मिश्रा मृत्युंजय सिंह अभय सिंह सोनू अवधेश मिश्रा

परमेश्वरी सिंह निखिल सिंह डॉ प्रशांत मधेशिया आदि लोगों ने बधाई दी है।

गोद लेने वाले टीबी रोगियों से रखे भावनात्मक लगाव: बीएसए

जनांदोलन द्वारा टीबी मुक्त होगा जनपद: डीटीओ

शकुन टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। 100 डे टीबी खोज अभियान के तहत जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज के प्रेरणा एवं निर्देशन में जनपद में चलाये जा रहे टीबी रोगियों के गोद लेने के कार्यक्रम के क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग तमकुही द्वारा शनिवार को ब्लाक सभागार में 75 टीबी रोगियों में प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली वितरित किया गया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ रामजियावन वर्मा ने कहा कि टीबी रोगियों को गोद लेना पुनीत कार्य है। जो भी शिक्षक या शिक्षिका गोद लिए लिया है उन रोगियों से भावनात्मक लगाव रखते हुये उस मरीज से महीने में एक बार जरूर बात कर उसके स्वास्थ्य की जानकारी ले ले। विशिष्ट अतिथि जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस.एन.त्रिपाठी ने कहा कि जनांदोलन के द्वारा ही हम जनपद को

- ब्लाक सभागार में 75 टीबी रोगियों में वितरित हुआ पौष्टिक आहार।

टीबी मुक्त बना सकते है। उन्होंने इस पुनीत कार्य हेतु बेसिक शिक्षा विभाग के प्रति आभार भी प्रकट किया तथा टीबी रोग के लक्षणों एवं उपचार के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम को अधीक्षक डॉ अमित राय,एमोटीसी डॉ हिमांशु मिश्र,निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र,एसटीएलएस संजय द्विवेदी ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता कर रहे खण्ड शिक्षा अधिकारी सुधीर कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम हेतु मुझे समय कम मिला फिर भी मैं अपने शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के सहयोग से कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षक शिक्षा कार्य के साथ सामाजिक कार्यो में भी अग्रणी भूमिका में रहते है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजू सिंह ने किया। अतिथियों का स्वागत शिक्षक संघ के अध्यक्ष शम्भू यादव ने किया तथा आभार ज्ञापन मंत्री देवेंद्र कुमार ओझा ने किया। इस दौरान एसटीएस धनंजय कुमार पांडेय, बीसीपीएम वाहिद, परामर्शदाता रत्नेश मणि त्रिपाठी, शिक्षक अमरनाथ यादव, अजय सिंह, सुधा सिंह, नलनी गुप्ता, सुनीता यादव, विद्यावती यादव आदि सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षका उपस्थित रहे।

खतरों के खिलाड़ी बने करेला बाग निवासी सड़क पर लटक रहे बिजली के तार

शकुन टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। विद्युत विभाग की लापरवाही का एक बड़ा उदाहरण करेला बाग इलाके में देखने को मिल रहा है, जहां पाम एकेडमी स्कूल के पास सड़क पर बिजली के तार लटक रहे हैं। स्थिति इतनी खतरनाक हो गई है कि वहां से गुजरने वाले लोगों को झुककर रास्ता पार करना पड़ रहा है।

इस खतरे को लेकर स्थानीय लोग लगातार शिकायत कर रहे हैं, लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सोशल मीडिया पर इस घटना का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें यह देखा जा सकता है कि लोग झुके हुए तारों के नीचे से गुजरने को मजबूर हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित अधिकारी मानकों के

विपरीत कनेक्शन दे रहे हैं। लंबी दूरी से खींचे गए तारों के कारण यह समस्या पैदा हो रही है, लेकिन अधिकारियों की ओर से इसे नजरअंदाज किया जा रहा है। लोगों का सवाल है कि यदि इस लापरवाही के कारण कोई बड़ी दुर्घटना होती है, तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? अब देखना यह होगा कि उच्च अधिकारी इस मामले में कब तक संज्ञान लेते हैं और क्या कोई ठोस कार्रवाई होती है या नहीं।

मेडिकोलीगल के नाम पर वसूली का वीडियो वायरल, कर्मी पर गिरी गाज

शकुन टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुबेरस्थान में तैनात एक आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मचारी द्वारा मेडिकोलीगल के नाम पर अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। यह मामला तब प्रकाश में आया जब एक महिला ने काउंटर पर 570 रुपए प्रति व्यक्ति मांगे जाने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद अस्पताल प्रशासन ने आनन फानन उक्त कर्मी का वेतन रोकते हुये स्थानांतरित कर कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है तथा अग्रिम कारवाई हेतु उच्चाधिकारियों को अवगत कराया है। बतादे कि शुक्रवार देर शाम वायरल हुए इस वीडियो में सीएचसी में पर्ची काउंटर पर बैठे कर्मचारी को मेडिकोलीगल प्रक्रिया के लिए चार बच्चियों की मां से प्रति व्यक्ति 570 रुपए मांगते हुए देखा जा सकता है। महिला द्वारा इस

जिले के कुबेरस्थान सीएचसी का मामला

कर्मचारी का वेतन रोकते हुए किया स्थानांतरित

अत्यधिक शुल्क पर आपत्ति जताने और वीडियो बनाने के बाद मामला तूल पकड़ लिया है। वीडियो वायरल होने के बाद अस्पताल प्रशासन ने तुरंत संज्ञान लेते हुए आरोपी कर्मचारी का वेतन रोक सीएचसी से स्थानांतरित कर कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। साथ ही उन्होंने उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई की सिफारिश की है। इस संदर्भ में डॉ. धीरज सिंह का कहना है कि सोशल मीडिया के माध्यम से ही मामला संज्ञान में आया है, हमने तुरंत संबंधित कर्मचारी को नोटिस जारी कर वेतन रोक दिया है एवं स्थानांतरित भी कर दिया गया है। इस सम्बन्ध में उच्चाधिकारियों को इस संबंध में सूचित कर दिया गया है। बहुत जल्द इस पर ठोस कार्रवाई की जाएगी।

जंगल किनारे तारबाड़ लगाने को लेकर जायजा लेने पहुंची टीम

शकुन टाइम्स संवाददाता

महराजगंज। सबकुछ ठीक रहा तो लक्ष्मीपुर क्षेत्र के जंगल किनारे गांवों में फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए तारबाड़ लगेगा। किसानों की इस समस्या को लेकर नौतनवा विधायक ऋषि त्रिपाठी ने वन मंत्री से मिलकर जंगल सीमा पर तार बाड़ लगवाने की मांग की थी। वन मंत्री के निर्देश पर विभाग के एसडीओ लक्ष्मीपुर एसके सिंह, रेंजर लक्ष्मीपुर वेद प्रकाश शर्मा, वन दारोगा प्रेमलाल यादव ने लक्ष्मीपुर रेंज के सटे क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि चन्द्र प्रकाश मिश्र ने बताया कि जंगल के किनारे ग्राम पंचायत बकैनिया हरैया, चमैनिया, पिपरा सोहट, मैरी पिपरी, बेलासपुर, लक्ष्मीपुर कैथवलिया, हरमंदिर कला, बड़हरा विशम्भरपुर, पिपरिया, जंगल गुल्हरिया, नवाबी

घाट आदि गांव जंगल से सटे हैं। इन ग्रामों में जंगली जानवरों द्वारा किसानों की फसल का अत्यधिक नुकसान किया जा रहा है। इससे किसानो की खून पसीने की कमाई जानवर नष्ट कर देते हैं। किसानों की इस गंभीर समस्या को लेकर विधायक ने वनमंत्री से बात की थी। जंगल के किनारे तारबाड़ लगवाने व सुरक्षा खाई को लेकर वन विभाग की टीम रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों के माध्यम से शासन में भेजेगी।

मीम सेना और गुजरात लोकतांत्रिक पार्टी की बैठक

सदर से रफीक अहमद होंगे प्रत्याशी

शकुन टाइम्स संवाददाता

बस्ती। जिले में मीम सेना संगठन और गुजरात लोकतांत्रिक पार्टी ने संयुक्त बैठक का आयोजन किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 2027 के विधानसभा चुनाव की रणनीति तैयार करना था। गुजरात लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरीफ भाई गाच्छी और मीम सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. फिरोज बादल का पदाधिकारियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। बैठक प्रेस क्लब बस्ती में आयोजित की गई। दोनों नेताओं ने बस्ती की पांचों विधानसभाओं में बूथ स्तर पर कार्यकर्ता तैयार करने का आह्वान किया। उन्होंने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में सदर विधानसभा 310 से चढौवा निवासी रफीक अहमद को विधानसभा प्रत्याशी घोषित किया गया। रफीक अहमद ने कहा कि वे हर बूथ पर कार्यकर्ताओं को तैयार करेंगे। स्वास्थ्य, शिक्षा सहित विभिन्न मुद्दों पर जनता के बीच जाएंगे। पार्टी का मुख्य एजेंडा हिंदू-मुस्लिम एकता के साथ समाज में शांति और सद्भाव स्थापित करना है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मोहम्मद अकरम, जिला महासचिव एडवोकेट आलोक मिश्र, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष जावेद अहमद समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। युवा जिला अध्यक्ष डॉ. जहांगीर आलम, दिलीप कुमार सिंह, मास्टर शहाबुद्दीन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बस्ती। रुधौली स्थित प्रेक्सिस विद्यापीठ में एनएचपीसी और माटी संस्था द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन तहसीलदार रवि यादव ने किया। शिविर में एम्स दिल्ली के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अमित सत्संगी ने मरीजों की जांच की। आर्मी कमांड हॉस्पिटल लखनऊ से लेफ्टिनेंट कर्नल आशुतोष चतुर्वेदी मौजूद रहे। आर्मी आर आर हॉस्पिटल पुणे की बाल रोग विशेषज्ञ लेफ्टिनेंट कर्नल आराधना द्विवेदी ने भी मरीजों को देखा। अल शिफा हॉस्पिटल नई दिल्ली के चेयरमैन और चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मिनाहजाउद्दीन ने भी मरीजों की जांच की। गोरखपुर से पेट रोग विशेषज्ञ डॉ हर्षवर्धन राय भी शिविर में शामिल हुए। प्रेक्सिस विद्यापीठ के निदेशक सुशांत कुमार पांडे ने बताया कि शिविर में ग्रामीणों की नि:शुल्क जांच की गई। एनएचपीसी और माटी संस्था का उद्देश्य जन सेवा और लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ उचित परामर्श देना है।

परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षाएं 24 मार्च से

शकुन टाइम्स संवाददाता

गोंडा। परिषदीय स्कूलों की वार्षिक परीक्षा का कार्यक्रम जारी हो गया है। परीक्षाएं 24 मार्च से प्रारंभ होकर 28 तक चलेंगी?। मूल्यांकन का कार्य भी परीक्षा के साथ साथ होगा। 29 मार्च को बच्चों को रिपोर्ट कार्ड बांटे जायेंगे। जिले के 2609 परिषदीय, 29 अनुदानित व मान्यता प्राप्त स्कूलों में करीब चार लाख बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं।

इन बच्चों की वार्षिक परीक्षा कराने के लिए बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल की तरफ से परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। 24 मार्च से वार्षिक परीक्षा प्रारंभ होगी जो 28 मार्च तक चलेगी?। वार्षिक परीक्षा के लिए मॉडल प्रश्न पत्र का निर्माण जनपद स्तर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की तरफ से तैयार किया जायेगा और उसे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा। बीएसए

प्रश्नपत्रों की छपाई कराकर विद्यालय स्तर पर वितरण सुनिश्चित करायेंगे। संबंधित ब्लाक के खण्ड शिक्षा अधिकारी 22 मार्च तक इन प्रश्नपत्रों को विद्यालय स्तर पर वितरित करा देंगे। कक्षा एक की वार्षिक परीक्षा मौखिक होगी। कक्षा दो से कक्षा पांच तक की वार्षिक परीक्षा लिखित एवं मौखिक होगी। कक्षा 2 व कक्षा 3 में लिखित एवं मौखिक परीक्षा का 50-50 अंकों की तथा कक्षा 4 व कक्षा 5 में लिखित एवं मौखिक परीक्षा का पूर्णांक 70-30 रखा जायेगा।

खड़ी ट्रक में जा घुसी कार एक बराती की मौत, छह अन्य घायल

बहराइच। जिले के नानपारा लखीमपुर मार्ग पर सड़क किनारे खड़ी ट्रक में कार शुक्रवार रात को पीछे से जा घुसी। जिसमें एक बराती की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि मृतक के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लखीमपुर खीरी जिले के मैलानी थाना क्षेत्र के पोखरपुर गांव से बारात बहराइच जिले के लिए शुक्रवार शाम को रवाना हुई। टोयटा क्रालिस वाहन में सवार होकर सात बराती रवाना हुए। मोतीपुर थाना क्षेत्र के नानपारा लखीमपुर मार्ग पर गिरगिट्टी गांव के पास वाहन खड़ी ट्रक में पीछे से जा घुसी। रात नौ बजे हुई घटना की जानकारी मिलते ही चौकी इंचार्ज जालिम नगर अवधेश कुमार पाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने वाहन में बैठे घायलों को बाहर निकलवाया। इसके बाद सीएचसी मोतीपुर में भर्ती कराया। डॉक्टर ने गांव निवासी चंदू (25) पुत्र दीन दयाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य का इलाज चल रहा है।

मेधावी छात्र अंश सिंह ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में क्षेत्र का नाम किया रोशन

शकुन टाइम्स संवाददाता

गाज़ीपुर। कंपोजिट विद्यालय मैनपुर करंडा गाज़ीपुर के आठवीं कक्षा के छात्र अंश सिंह ने अपनी मेहनत और लगन से राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन किया है। अंश सिंह की इस सफलता ने न केवल उनके परिवार को गर्व महसूस कराया, बल्कि समूचे क्षेत्र को प्रेरणा दी है। अंश सिंह की सफलता का रास्ता आसान नहीं था। उन्होंने अपनी दिन-प्रतिदिन की पढ़ाई में कठिन परिश्रम और निरंतर समर्पण दिखाया। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उन्हें हमेशा मार्गदर्शन और प्रेरणा दी, जिससे वह इस परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर सके। अंश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, गुरुजन और अपने मित्रों को दिया। उनका कहना है कि मेरे माता-पिता और शिक्षक हमेशा मुझे प्रेरित करते रहे, उनके सहयोग से ही यह सफलता मिली है। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में अंश ने न केवल अपनी अकादमिक क्षमता को साबित किया, बल्कि यह भी दिखाया कि सही मार्गदर्शन और कठोर मेहनत से किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। उन्होंने अपनी सफलता के लिए नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और सही दिशा में कठिन परिश्रम की अहमियत को बताया। अंश सिंह की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेश कुमार यादव ने कहा, अंश की सफलता हम सब के लिए गर्व की बात है।

यह दिखाता है कि यदि विद्यार्थी अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार और समर्पित हों, तो वे किसी भी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। अंश ने हमें यह सिद्ध कर दिया है कि मेहनत और लगन से कोई भी मुश्किल आसान हो सकती है। अंश की सफलता ने न केवल मैनपुर करंडा क्षेत्र को गौरवान्वित किया है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी एक आदर्श प्रस्तुत किया है। उनके साथियों में भी यह उत्साह बढ़ा है कि अगर वे भी अपनी पढ़ाई में ईमानदारी से प्रयास करेंगे, तो वे भी अपने सपनों को सच कर सकते हैं।

अंश सिंह के इस अद्वितीय प्रदर्शन ने यह सिद्ध कर दिया कि क्षेत्रीय स्तर पर भी एक छोटे से विद्यालय के छात्र अपने कड़ी मेहनत और समर्पण से राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। उनके इस सफलता के सफर से अन्य विद्यार्थियों को प्रेरणा मिलती है कि वे भी अपनी मेहनत और लगन से किसी भी चुनौती को पार कर सकते हैं। अंश सिंह के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए, विद्यालय परिवार और क्षेत्रवासियों ने उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएँ दी हैं।

पूरी पारदर्शिता के साथ की जाए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का चयन, बिचैलियों के चक्कर में न पड़े अभ्यर्थी- डीएम

मिर्जापुर। शासन के निर्देश के क्रम में जनपद के शहरी/ग्रामीण 13 बाल विकास परियोजनाओं में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय आधारित रिक्त पदो पर चयन हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत दिनांक 5 मार्च 2025 एवं 6 मार्च 2025 को आवेदन पत्र भरने वाले अभ्यर्थियों के मूल शैक्षिक अभिलेख/प्रमाण पत्रों का सत्यापन किए जाने की प्रक्रिया निर्धारित है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने जिला कार्यक्रम अधिकारी व समिति के सदस्यों को निर्देशित करते हुए कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ अभिलेखो का सत्यापन/चयन किया जाए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाशत नही की जाएगी। उन्होंने आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों को भी निर्देशित करते हुए कहा कि वे किसी भी बिचैलियों के चक्कर में न पड़े। चयन प्रक्रिया पात्रता के अनुसार पूरी पारदर्शिता के साथ की जाएगी।

संक्षिप्त सामाचार

चोरी के अभियोग से संबंधित तीन नफर वारंटी गिरफ्तार, लोहे का एंगल बरामद

मिर्जापुर। 27 फरवरी को संतोष कुमार पुत्र रामनगीना निवासी बिशुनपुरा थाना राजगढ़ जनपद मीरजापुर द्वारा अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध वादी की दुकान से लोहे का एंगिल चोरी के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई जिसके फलस्वरूप थाना राजगढ पर मुकदमा व धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना राजगढ़ पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए शनिवार को उप-निरीक्षक रविप्रकाश मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना राजगढ़ क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश में आये 3 नफर अभियुक्तगण 1. फिरोज पुत्र मोहम्मद खलील निवासी बहुबरा थाना राबर्टसगंज जनपद सोनभद्र, 2. गुड्डू उर्फ सरवन पुत्र जगदीश विश्वकर्मा निवासी बिच्छी थाना राबर्टसगंज जनपद सोनभद्र व 3. राकेश पुत्र नान्हू निवासी हिन्दुआरी थाना राबर्टसगंज जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गयी 4 अदद लोहे का एंगिल बदामद कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा गया ।

आईआईटी बाबा के साथ मारपीट,बोले-पहले मुझे पीटा फिर कमरे में बंद किया, थाने के बाहर धरने पर बैठे

नोएडा। महाकुंभ में आईआईटी बाबा के नाम से फेमस अभय सिंह के साथ नोएडा में मारपीट हुई। आईआईटी बाबा ने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर घटना की जानकारी दी। कहा पहले मुझे पीटा, फिर कमरे में बंद कर दिया। आईआईटी बाबा नोएडा में एक निजी चौनल के कार्यक्रम में गए थे। वहां उनके साथ बदसलूकी और मारपीट हुई। इसके बाद नोएडा सेक्टर-26 पुलिस थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। हालांकि बाद में पुलिस ने उन्हें समझा-बुझाकर का वापस भेजा। आईआईटी बाबा ने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर पूरी घटना बताई। आईआईटी बाबा ने पुलिस को दी शिकायत में लिखा- मुझे डिबेट के लिए बुलाया गया था। इस दौरान बाहर से आए कुछ भगवाधारी लोगों ने न्यूजरूम में आकर मेरे साथ हाथापाई की। एक व्यक्ति ने मुझ पर डंडे से भी हमला किया। बाद में मुझे जबरन एक कमरे में बंद कर दिया गया। किसी तरह मैं बचकर बाहर निकला हूं। गुरु महंत सोमेश्वर पुरी के साथ आईआईटी बाबा महाकुंभ में गए थे। कुछ समय बाद उन्होंने अपने गुरु महंत सोमेश्वर पुरी के खिलाफसोशल मीडिया पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था।

सिक्योरिटी गार्ड को जड़ा थप्पड़,विजिटर ने नहीं दी थी सही जानकारी, तो गार्ड ने रोका था

नोएडा। नोएडा में सेक्टर 58 थाना क्षेत्र के सेक्टर-62 की एक सोसाइटी में फ्लैट मालिक ने सिक्योरिटी गार्ड को थप्पड़ जड़ दिया। गार्ड ने अभद्रता करने और धमकी देने का भी आरोप लगाया है। फ्लैट मालिक से मिलने आए विजिटर के सही जानकारी नहीं देने पर गार्ड द्वारा रोकने पर विवाद हुआ था। पीड़ित गार्ड ने मामले में पुलिस को तहरीर दी है। सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो वायरल हो गया। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

गाजियाबाद गोविंदपुरम के उदित विकास ने सेक्टर-58 थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह सेक्टर-62 स्थित एक सोसाइटी में सिक्योरिटी गार्ड हैं। आरोप है कि वह बुधवार रात करीब नौ से साढ़े नौ बजे गेट पर तैनात होने के दौरान एक विजिटर आया। गलत एंट्री करने और सही पता नहीं बताने पर रोका था। काफी देर बाद सही जानकारी देने पर विजिटर अंदर चला गया।

असामाजिक तत्वों ने शिवलिंग को किया खंडित भगवान को भी दिख रहे हैं ठेंगा

शकुन टाइम्स संवाददाता

जमानिया। कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुर गांव के पूरब ओर स्थित शिव मंदिर में अज्ञात असामाजिक तत्वों ने शिवलिंग को खंडित कर दिया, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया, यह घटना शनिवार सुबह लगभग 5 बजे सामने आई जब नियमित रूप से पूजा करने वाले धर्मदेव यादव और बेचन साधू मंदिर पहुंचे। उन्होंने देखा कि शिवलिंग टूटा हुआ है, जिसके बाद तुरंत ग्रामीणों को सूचित किया।

ग्रामीणों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए 112 पर पुलिस को सूचना दी, सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी देवरिया और देवैथा पुलिस दल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने छानबीन कर ग्रामीणों से पूछताछ की और आवश्यक जानकारी जुटाई। हालांकि प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस टीम वापस लौट गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने और शिवलिंग की पुन: स्थापना कराने की मांग की। गांव के वरिष्ठ नागरिकों और धार्मिक आस्था रखने वाले लोगों ने इस घटना को सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश करार दिया है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल यादव और पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि शिवलिंग की स्थापना तुरंत करा दी जाएगी।

प्रभारी कोतवाल अजय कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की और भरोसा दिलाया कि जल्द ही मंदिर में शिवलिंग की पुन: स्थापना जल्द दी जाएगी। उन्होंने बताया कि किसी की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

अधिकारियों को सक्रिय रहने के बाद भी मात्र दो ही मामलों का हो पाया निस्तारण

शकुन टाइम्स संवाददाता

जमानियां। तहसील सभागार में शनिवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान एसडीएम ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनी और उनके त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। समाधान दिवस के दौरान कुल 10 पीड़ित फरियादियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए।

इनमें से 2 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उपजिलाधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि कोई भी फरियादी समस्या के समाधान के उद्देश्य से ही सरकारी कार्यालयों में आता है, इसलिए उसका समाधान करना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तहसील दिवस पर आने वाला कोई भी व्यक्ति निराश न लौटे। पारदर्शिता और नियमानुसार त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया, ताकि हर पात्र व्यक्ति तक इन योजनाओं का लाभ पहुंच सके। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी रामकृष्ण तिवारी, जयशंकर प्रसाद वर्मा क्षेत्रीय वन अधिकारी विकासखंड अधिकारी बृजेश कुमार अस्थाना सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुलिस ने तीन नामजद व दो अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा किया दर्ज

शकुन टाइम्स संवाददाता

जमानिया। थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने दामाद और अन्य आरोपियों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शुक्रवार को शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने तीन नामजद और दो अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, खिजिरपुर अलीनगर निवासी गीता यादव पत्नी फूलेश्वर यादव ने थानाध्यक्ष जमानियां को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री प्रीति रोज की शादी 28 मई 2023 को अरुण यादव (निवासी इजरी, थाना सुहवल, गाजीपुर) से हुई थी। अरुण यादव भारतीय तटरक्षक बल में नाविक के पद पर कार्यरत है। पीड़िता के अनुसार, शादी के दूसरे दिन से ही अरुण यादव दहेज की मांग को लेकर हर रोज को प्रताड़ित करने लगा। अंतत: 26 जून 2023 को अरुण यादव और उसके परिवार वालों ने उसे घर से निकाल दिया, जिसके बाद से वह अपनी मां के घर पर रह रही है। महिला का आरोप है कि अरुण यादव चैट और फोन कॉल के जरिए अश्लील गालियां देता है और जान से मारने की धमकी देता रहता है। इसी क्रम में 24 फरवरी 2025 को शाम 5ः25 बजे अरुण ने फोन कर पीड़िता की पुत्री को गाँव के ही एक व्यक्ति विनोद (निवासी कालनपुर) के घर बुलाने का दबाव बनाया। जब पीड़िता के पति ने फोन उठाया, तो अरुण ने बताया कि वह विनोद के घर पर शादी के अगुआ मुन्नु यादव और विनोद के साथ बैठा है। इसके बाद, शाम करीब 6ः11 बजे अरुण यादव अपने साथ मुन्नु यादव, विनोद और दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ पीड़िता के घर हथियार लेकर आ धमका और गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया। पीड़िता की पुत्री को जान से मारने और घर से उठा लेने की धमकी भी दी गई। घटना से डरी-सहमी पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने अपने आवेदन के साथ अरुण यादव द्वारा किए गए आपत्तिजनक चैट और कॉल की रिकॉर्डिंग की छाया प्रति भी संलग्न की है। प्रभारी निरीक्षक अशेष नाथ सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर तीन नामजद अरूणग विनोदग मुन्नू और दो अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जांच की जा रही है।

पदुमनाथपुर में नालियों का पानी बह रहा मुख्य सड़क पर आवगमन हो रही दिक्कत, लोगों में रोष

शकुन टाइम्स संवाददाता



सकलडीहा/ चंदौली। विकास खण्ड के पदुमनाथपुर गांव में सीवर का पानी मुख्य सड़क बह रहा है। इससे राहगीरो और ग्रामीणो को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वही आसपास रहने वाले लोगो को संक्रमण बीमारी का भय सता रहा है। शिकायत के बाद भी ग्राम प्रधान इस ओर ध्यान नही दे रहे है। इससे लोगो मे आक्रोश पनप रहा है। सकलडीहा कस्बा से सकलडीहा रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग पर पदुमनाथपुर ग्राम पंचायत है।

मुख्य मार्ग होने के कारण ट्रेन पकड़ने वाले यात्री के साथ सैकड़ो गांवो सहित बाहरी लोगों का इस मार्ग से आवागमन होता है। लेकिन लंबे समय से इस मार्ग पर गांव के सीवर का बदबूदार पानी बह रहा है।इ सी दुर्गन्धयुक्त सीवर के पानी से हजारों लोग आवागमन करने को विवश है। वाहनो के जाने पर यह पानी छिटकर लोगो के ऊपर पड़ जा रहा है। ग्रामीण सुरेश,नारद,महेश का कहना है कि कई बार इसकी शिकायत ग्राम प्रधान से की गई। लेकिन आजतक ग्राम प्रधान नाली निर्माण की जहमत नही उठाया। इससे लोगो को नारकीय जीवन व्यतीत करना पड़ रहा है। वही आसपास के लोगो को संक्रामक बीमारी का खतरा सता रहा है। इस संबंध में बीडीओ विजय कुमार सिंह का कहना है कि इस संबंध में प्रधान को निर्देशित किया गया है। हीलाहवाली करने पर कार्यवाही की जाएगी।

स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र करे योग रहे निरोग- विनय सिंह

शकुन टाइम्स संवाददाता

चहनिया। जटाधारी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक और सेविकाओं ने शुक्रवार को महाविद्यालय परिसर के अंदर सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतिम दिन योग प्रशिक्षक किया। कार्यक्रम के अंतिम दिन आयुर्वेदिक चिकित्सालय मारूफपुर चंदौली के योग प्रशिक्षक विनय कुमार सिंह, अमृता सिंह मुख्य अतिथि के रूप मे योग प्रशिक्षण कराया। सबसे पहले अतिथि ने माँ सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्वालित किये उसके बाद कार्यक्रम मे योग की की महत्ता बताते हुए विनय कुमार सिंह योग के कई टिप्स छात्रो को दिया करे योग रहे निरोग कपाल भाती अनुलोम बिलोम कई अनेक आसान के माध्यम से योग करके छात्रो को सिखाया वही प्रियंका सिंह ने भी सफाई के विशेष महत्व पर बल दिया वातावरण के अनुकूल स्वयं को समर्पित रखते हुए अपने घर गांव और महाविद्यालय को स्वच्छ रखने में अपनी रचनात्मक भूमिका का पर्याय रखना सुनिश्चित करते हैं,ताकि योग के प्रति आपकी जागरूकता आपके परिवार समाज और देश को एक मजबूत और स्वस्थ जीवन प्रदान करने की कड़ी साबित होगी। इस दौरान विद्यालय के कर्मचारी अध्यापक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष सिंह ने किया इस कार्यक्रम का संचालन राजेश ने किया तथा समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रपुत्र के पदाधिकारीयो ने टोल प्लाजा पर अपनी मुख्य शर्तों को लेकर दिया ज्ञापन

शकुन टाइम्स संवाददाता

बुलन्दशहर। भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रपुत्र के पदाधिकारी ने तीन टोल प्लाजाओ पर दिया ज्ञापन

भारतीय किसान यूनियन राष्ट्र पुत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित गजेंद्र शर्मा ने सबसे पहले सिकंदराबाद टोल प्लाजा पहुंचकर सिकंदराबाद टोल प्लाजा के मैनेजर को अपनी कुछ शर्तों को लेकर लिखित में ज्ञापन दिया उसके बाद दादरी टोल प्लाजा फ़ेरिबल पर पहुंचे और वहां भी अपनी बात रखी और ज्ञापन देते हुए अपने समर्थन के साथ सीधे गभाना टोल टैक्स पर पहुंचे और वहां पर टोल प्लाजा के मैनेजर को भी अपनी मुख्य शर्तों और बातों को रखा और लिखित में ज्ञापन दिया और तीनों टोल प्लाजो के मैनेजर ने राष्ट्रीय अध्यक्ष गजेंद्र शर्मा की शर्तों को मानते हुए ज्ञापन लिया और कहा कि हम आपकी सभी शर्तों को मंजूर करते हैं और मानते हैं।

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम, द्वितीय, तृतीय इकाई सात दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ

शकुन टाइम्स संवाददाता

बांदा। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम, द्वितीय, तृतीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन किया गया। सात दिवसीय विशेष शिविर को प्राचार्य प्रोफेसर दीपाली गुप्ता के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम अधिकारी डाक्टर सबीहा रहमानी डॉक्टर जयंती सिंह, डॉक्टर नीतू सिंह के द्वारा दलित बस्ती दरी मोहाल, बरी मोहाल, अहीर मोहल्ले में आयोजित किया गया था। सातवें दिन आज राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इसका समापन किया गया।

आज के समापन समारोह की मुख्य अतिथि रहीं डॉक्टर सपना सिंह। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। स्वयंसेवी छात्रा यशी द्विवेदी, आकांक्षा, प्रियांशी, रुखसाना, अदिति ने मादक द्रव्यों के सेवन से नुकसान विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। दुर्गा ने लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। अदिति, खदीजा पल्लवी, यशी, काशिफा, चेतना ने कविताओं की शानदार प्रस्तुति करी। डॉक्टर जयंती सिंह ने सामान्य कार्यक्रम की आख्या प्रस्तुत करी, डॉक्टर सचिन मिश्रा ने सात दिवसीय विशेष शिविर की आख्या को सविस्तार प्रस्तुत करी।

इस अवसर लगातार राष्ट्रीय सेवा में पूरी निष्ठा से कार्य करने वाली स्वयंसेवी छात्रा यशी को महानायिका, काशिफा, चेतना, नौरीन तमन्ना को नायिका के रुप मे चुना गया। समापन दिवस की पूर्व संध्या पर कैमरा फायर आयोजित हुआ। जिसके मुख्य अतिथि रहे श्री पुष्पेन्द्र सिंह डी.डी. चित्रकूट धाम मण्डल बांदा, विशिष्ट अतिथि के रुप में श्री मनोज सिंह प्रधानाचार्य बहुआ इंटर कालेज फतेहपुर। संरक्षक के रुप में प्राचार्य प्रोफेसर दीपाली गुप्ता उपस्थित रहीं।

समापन समारोह में डाक्टर आदित्य प्रताप सिंह, डॉक्टर रामनरेशाचार्य पटेल, डॉक्टर वीरेंद्र प्रताप चौरसिया उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन दिया डॉक्टर नीतू सिंह ने। कार्यक्रम का संचालन किया डाक्टर सबीहा रहमानी और महानायिका यशी द्विवेदी ने।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद- एससीईआरटी उदयपुर के उपनिदेशक द्वारा पीएमश्री राबाउमावि तखतगढ़ का अवलोकन

तखतगढ। पालिका क्षेत्र के पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय तखतगढ़ का राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उदयपुर के उपनिदेशक श्री पीयूष जैन द्वारा अवलोकन किया गया। संस्थाप्रधान गजेन्द्र सिंह तंवर ने बताया कि 03 मार्च को पीएमश्री विद्यालयों में कक्षा 3, 6, 9 व 11 में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिये राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले विद्यार्थी आंकलन परीक्षा की पूर्व तैयारियों की जांच एवं समीक्षा के लिये एससीईआरटी उदयपुर के उपनिदेशक महोदय द्वारा विद्यालय का अवलोकन किया गया। परीक्षा सम्बन्धी समस्त तैयारियों का अवलोकन करने के बाद उपनिदेशक महोदय ने विद्यालय में कक्षा-कक्ष शिक्षण, आईसीटी कम्प्यूटर लैब, मिड-डे-मील व्यवस्था, किचन गार्डन, हरित विद्यायल गतिविधियां आदि का भी सघन अवलोकन किया। उन्होनें कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों को एससीईआरटी द्वारा उपलब्ध करवायी जाने वाली पाठ्यपुस्तकों पर विद्यार्थियों एवं अध्यापकों से भी मौखिक सुझाव प्राप्त किये। उन्होनें विद्यालय के पीएमश्री विद्यालय होने के बाद की तुलनात्मक बाते भी विद्यार्थियों से जानी। पीयूष जैन द्वारा सघन अवलोकन के बाद विद्यालय प्रबन्धन एवं समस्त स्टाफ की समर्पित कार्यों हेतु सराहना की गई। इस अवसर पर एससीईआरटी उदयपुर से नरेन्द्र सारस्वत भी उपस्थित थे।

महिलाओं ने लखनऊ डीएम की कार रोकी

समाधान दिवस में घर बनाने को लेकर हंगामा बोलीं- प्रॉपर्टी डीलरों के चंगुल में लेखपाल

शकुन टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ की सरोजनी नगर तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में माती गांव के लोगों ने हंगामा किया। गांव के दलित समुदाय के लोग डीएम की गाड़ी के सामने धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा 70 लोगों के जर्जर मकानों के पुनर्निर्माण पर तहसील प्रशासन ने रोक लगा दी है। महिलाओं ने बताया कि वे 100 वर्षों से अधिक समय से आबादी से सटी जमीन पर रह रहे हैं। करीब 65-70 लोगों के जर्जर मकानों के पुनर्निर्माण पर रोक लगा दी गई है। इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एसडीएम ने प्रदर्शनकारियों को मामले की जांच का आश्वासन देकर शांत कराया। उन्होंने

अपने अधीनस्थ अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं। डीएम ने सरकारी जमीनों से अवैध कब्जे हटाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा इसके लिए तहसील अधिकारियों की विशेष टीम गठित की जाएगी। इससे पहले सरोजनी नगर तहसील में डीएम विशाख जी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान सरोजनी नगर तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह ने लेखपालों की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए। कमलेश प्रताप सिंह ने कहा- लेखपाल आम जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं देते। वे सिर्फप्रॉपर्टी डीलरों के साथ काम करने में व्यस्त रहते हैं। उन्होंने बताया कि बंटवारे सहित कई महत्वपूर्ण फाइलें लेखपालों के पास लंबित पड़ी हैं। बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने एक ही गांव में लंबे समय से तैनात लेखपालों के कार्यक्षेत्र में बदलाव की मांग भी की। आज के संपूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ अजय जैन, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट ज्ञानचंद गुप्ता, एसीपी कृष्णा नगर सौम्या पांडेय और सरोजनी नगर एसडीम सचिन वर्मा सहित तमाम कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

साइबर जालसाज ने हैक किए पूरे परिवार के फोन

कागज पर लिखकर भी नहीं कर पा रहे बात

शकुन टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से साइबर क्राइम का हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक साइबर जालसाज ने एक परिवार के सभी सदस्यों के मोबाइल फोन हैक कर लिए। हुसैनगंज निवासी पीड़ित विक्रम चोपड़ा ने आरोप लगाया कि जालसाज को उनके घर की हर एक एक्टीविटी के बारे में जानकारी है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने उन्हें मैसेज किया आई कैन सी यू. फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है। पीड़ित विक्रम चोपड़ा ने बताया कि घर की सारी जानकारी जालसाज के पास है। उसने घर के सारे इलेक्ट्रोनिक गैजेट्स को अपने कंट्रोल में किया हुआ है। घर की हर एक एक्टीविटी पर उसकी नजर है। इस मामले में डीसीपी सेंट्रल जोन रवीना त्यागी का कहना है कि मामले को दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। सभी नंबरों की जांच हो रही है। कुछ दिनों पहले यूपी एसटीएफने एक बड़ी सफलता हासिल की थी। एसटीएफ ने दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। ये चीनी नागरिकों के साथ मिलकर संगठित गिरोह बनाकर डिजिटल अरेस्ट, गेमिंग और ट्रेडिंग ऐप के माध्यम से साइबर ठगी का काम करते थे। आरोपियों की पहचान रोहन अग्रवाल और हर्ष वर्धन गुप्ता के रूप में हुई थी। रोहन अग्रवाल प्रयागराज का रहने वाला है। वहीं हर्ष वर्धन गुप्ता कानपुर नगर का रहने वाला है।

संक्षिप्त सामाचार

टायर के गोदाम में लगी भीषण आग पांच दमकल ने तीन घंटे में पाया काबू

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के विकासनगर स्थित पुनीत टायर्स और ऑटो गैस गोदाम में शनिवार तड़के आग लग गई। गोदाम से धुआं देख आसपास के लोगों ने फायर स्टेशन को सूचना दी। मौके से पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने तीन घंटे में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। विकासनगर सेक्टर-12 ज्ञानपीठ स्कूल रोड स्थित रामजीवन जायसवाल का पुनीत ऑटो पार्ट नाम से टायर का गोदाम है। शुक्रवार-शनिवार की बीच रात करीब 2 बजे अचानक शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आसपास के लोगों ने फायर स्टेशन इंदिरा को सूचना दी। सूचना पर एफएसओ इंदिरानगर एक दमकल के साथ मौके पर पहुंच गए। आग की लपट देख बीकेटी और हजरत गंज फायर स्टेशन से गाड़ी की मांग की गई। इसके बाद दोनों फायर स्टेशन से चार दमकल और आ गई। फायर ब्रिगेड टीम ने पांच दमकल की मदद से तीन घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन तब तक काफी सामान जलकर राख हो चुका था। फिलहाल घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

सीएम योगी के सलाहकार बने रहेंगे अवनीश अवस्थी, फिर बढ़ा कार्यकाल

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार पूर्व आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी के कार्यकाल को एक बार फिर बढ़ा दिया गया है। अवनीश अवस्थी का कार्यकाल योगी सरकार ने तीसरी बार बढ़ाया है। अब वह अब 28 फरवरी 2026 तक सलाहकार बने रहेंगे। नियुक्ति विभाग ने इसे लेकर आदेश जारी किया है। आप को बता दें कि 1987 बैच के आईएएस अफसर अवनीश कुमार अवस्थी की गिनती सीएम योगी के करीबी अफसरों में होती है। अवनीश कुमार अवस्थी 2022 में रिटायरमेंट होने के सीएम योगी के सलाहकार बने थे।

गौरतलब है कि 1987 बैच के आईएएस अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी 31 अगस्त साल 2022 को सेवानिवृत्त हुए थे। उनके पास अपर मुख्य सचिव गृह, गोपन, पासपोर्ट, धर्मार्थ कार्य के साथ ही यूपीडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का दायित्व था। कार्यकाल के अंतिम दौर में कुछ महीनों के लिए अवनीश कुमार अवस्थी ने ऊर्जा विभाग की भी कमान संभाली थी। 2017 में जब सीएम योगी बने थे। उसके बाद अवनीश अवस्थी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस लौटे थे।

जेडीयू प्रदेश कार्यालय पर मनाया गया सीएम नीतीश कुमार का जन्मदिन

लखनऊ। जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) उत्तर प्रदेश इकाई ने बिहार के मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय (मेजर बैंक्स रोड, विधानसभा गेट नंबर 6 के सामने) में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मिलकर जश्न मनाया। कार्यक्रम में जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने नीतीश कुमार को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से उनकी नीतियों पर चलकर उत्तर प्रदेश में संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

नई शिक्षा नीति पर अपना मत स्पष्ट करे कांग्रेस-सपा: रालोद

शकुन टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के विरोध पर इण्डी गठबंधन के प्रमुख घटक समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस से अपना मत स्पष्ट करने की मांग की है। पार्टी महासचिव अनिल दुबे ने शुक्रवार को यहां पत्रकारों से कहा कि तमिलनाडु में डीएमके द्वारा त्रिभाषा फामूर्ले का विरोध कर घिनौनी राजनीति की जा रही है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनकी सरकार हिन्दी थोपने का झूठा आरोप लगा रही है। उनका यह कहना कि वह बहुभाषी होने के पक्षधर है लेकिन राज्य में हिन्दी की अनिवार्यता स्वीकार्य नहीं है। श्री दुबे ने कहा कि 1968 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी के समय त्रिभाषा फामूर्ला बना था जिसका सभी राज्यों में हिन्दी अग्रेजी सहित एक क्षेत्रीय भाषा पढाये जाना तय हुआ था उस समय भी तमिलनाडु

में इस फामूर्ले को लागू नहीं किया गया सिर्फ तमिल और अंग्रेजी ही लागू हुयी। तमिलनाडु सरकार इस फार्मूले का विरोध कर राष्ट्रीय एकता का विरोध कर रही है। उन्होने कहा कि केन्द्र सरकार राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से गैर हिन्दी भाषी राज्यों में हिन्दी भाषा को प्रोत्साहित करने का काम इसलिए कर रही है लेकिन तमिलनाडु सरकार इसका विरोध कर रही है। देश की जनता यह जानना चाहती है कि इण्डी गठबंधन के प्रमुख घटक कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव इस पर क्यों चुप्पी साधे हुए है और हिन्दी के विरोध पर एक शब्द नहीं बोल रहे हैं।

नाबालिग छात्रा अपहरण के 5 दिन बाद कोई सुराग नहीं

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के महिगवां थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के अपहरण का मामला सामने आया है। सरावां गांव की 15 वर्षीय छात्रा 25 फरवरी को घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। पीड़िता कुम्हरावां इंटर कॉलेज में कक्षा 9 की छात्रा है। परिजनों का आरोप है कि गांव का युवक सुलभ और उसके चाचा मनोज ने मिलकर छात्रा को बहला-फुसलाकर भगा लिया। परिजनों ने महिगवां थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट परिजनों ने एसपी बीकेटी ऋषभ रुणवाल को शिकायत पत्र सौंपा है। उनका कहना है कि पुलिस मामले में ढिलाई बरत रही है। आरोपी का मोबाइल फोन दो-तीन बार चालू हुआ, लेकिन पुलिस लोकेशन का पता नहीं लगा पाई। पुलिस ने मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई नहीं की है। परिजन अपनी बेटी की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस चौकी के पास पड़ाव घर पर कूड़ा डालने पर सफाईकर्मी को पुलिस ने पीटा

शकुन टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। विकासनगर पुलिस चौकी के पास पड़ाव घर में कूड़ा फेंकने पर पुलिस कर्मियों ने सफाईकर्मी को पीट दिया। सफाई कर्मी कुणाल वाल्मीकि ने कहा कि कूड़ा गिराने आया था। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने कूड़ा गिराने से मना किया। इसके बाद पुलिस चौकी के अंदर बुलाया और जमकर पिटाई की। आरोप है इस दौरान पुलिस ने मोबाइल भी छीन लिया। इसके बाद पुलिस कर्मियों ने कूड़ा दोबारा से भरवाया। सफाई कर्मियों ने आरोप लगाया कि वहां से जब पुलिस ने छोड़ा तो मामले की सूचना अन्य लोगों को दी। इसके बाद नगर निगम के जोनल अधिकारी, सीनेटरी इंस्पेक्टर सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने आरोपी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित कुणाल वाल्मीकि ने बताया कि तीन पुलिसकर्मियों द्वारा उनकी पिटाई की गई। हाथ में मारा गया। इसके साथ ही जांघ के पीछे मारा गया। उनका कहना है कि पुलिसकर्मियों ने पीट कर पूरे शरीर को लाल कर दिया। जबकि पुलिसकर्मी मारने की बात से इनकार कर रहे हैं। घटना के बाद मौके पर इकट्ठा हुए सफाईकर्मियों के वाहनों का चालान करने की धमकी देते पुलिसकर्मी नजर आए। सफाईकर्मियों का आरोप है कि उन्हीं को मारा गया। इसके बाद उन्हीं को धमकाया भी जा रहा है। घटना के बाद से सफाई कर्मियों में रोष की स्थिति है। सफाई कर्मियों का कहना है कि अगर इस तरीके से उनके साथ मारपीट और अभद्रता की जाएगी तो स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी को भी झटका लगेगा। इसे स्वच्छ सर्वेक्षण में लखनऊ की रैंकिंग भी खराब होगी।

आज से बंद हुआ लखनऊ एयरपोर्ट

15 जुलाई तक उड़ानों का संचालन बंद

शकुन टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। यूपी की राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के रनवे की मरम्मत और आधुनिकीकरण का कार्य किया जाएगा। इसकी वजह से 1 मार्च से 15 जुलाई तक उड़ानों का संचालन नहीं होगा। इससे 80 से अधिक उड़ानें प्रतिदिन प्रभावित होंगी। करीब 20 हजार यात्रियों के टिकट का पैसा लौटाया जाएगा। विमानों की आवाजाही पर सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक रोक लगाई गई है। लखनऊ एयरपोर्ट को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से उड़ानो बंद करने की मंजूरी दी थी। मार्च में निर्धारित दिनों में एयरलाइंस की वेबसाइट पर फ्लाइट भी शो नहीं हो रही हैं। एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने बताया कि 1 मार्च से रनवे सुबह 10 बजे से शाम 6

बजे तक बंद रहेगा। उड़ानें सुबह 10 बजे से पहले और शाम 6 बजे के बाद ही संचालित होंगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान रनवे की सतह को फिर से बनाया जाएगा और प्रोफाइल को सही की जाएगी। एयर फील्ड ग्राउंड लाइटिंग को हैलोजन से एलईडी को भी अपग्रेड किया जाएगा। उन्होंने बताया एक पूरी लंबाई का नए समानांतर टैक्सी-वे रनवे की क्षमता बढ़ाई जाएगी। लैंडिंग के बाद विमान के तेजी से प्रवेश और निकास और टेकऑफके लिए नया लिंक टैक्सी-वे भी तैयार किया जाएगा। प्रवक्ता के मुताबिक 2,744 मीटर लंबे और 45 मीटर चौड़े रनवे के दोनों और 7.5 मीटर अतिरिक्त शोल्डर की वर्ष 2018 में रिकार्पेटिंग की गई थी। अब उसकी परत को निकाला जाएगा। इसके बाद नियामक द्वारा निर्दिष्ट मानकों के अनुरूप फिर से डामर की नई परत चढ़ाई जाएगी। उन्होंने बताया कि रनवे और टैक्सी वे सहित कुल 1.80 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में रिकार्पेटिंग की जाएगी। एयरपोर्ट 2,744 मीटर की लंबाई वाली एक नई समानांतर टैक्सवे का निर्माण करेगा। रिकॉर्पेटिंग के दौरान प्रतिदिन 132 उड़ानें संचालित की जाएंगी। दिन में संचालित होने वाली उड़ानों के समय में परिवर्तन किया जाएगा। रनवे अपग्रेडेशन परियोजना को चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट ने मंजूरी देने से पहले नियामक निकायों और एयरलाइंस सहित संबंधितों के साथ सलाह करने निर्णय लिया है। इससे उड़ानों को पुन: निर्धारित करने में मदद मिली है।

जलकर के विरोध में उतरे व्यापारी नगर निगम कार्यालय पहुंच दिया ज्ञापन

शकुन टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। व्यापारी एसोसिएशन ने लखनऊ नगर निगम जल-कल विभाग द्वारा व्यापारियों पर गलत तरीके से जल-कल एवं सीवर शुल्क लगाकर अवैध वसूली करने का विरोध किया। व्यापारियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के विरोध में आदर्श व्यापारी एसोसिएशन के नेतृत्व में व्यापारियों ने अधिशासी अभियंता (जल-कल) जोन 7 को शिकायत पत्र सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने कहा कि कई व्यापारियों के घरों में सीवर कनेक्शन अथवा पाइप लाइन नहीं होने के बावजूद जल-कल कर्मियों द्वारा अवैध रूप से टैक्स लगाया जा रहा है। इतना ही नहीं, बाजारों में जाकर दुकान सील करने और कुर्की की धमकी देकर व्यापारियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। जिन स्थानों पर कनेक्शन हैं। वहां भी 5 गुना अधिक टैक्स वसूलकर व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। इंदिरा नगर अध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने बताया कि कुछ कर्मचारी टैक्स की आड़ में व्यापारियों को डरा-धमकाकर अवैध वसूली कर रहे हैं। इससे व्यापारी भय के माहौल में जी रहे हैं और अपना व्यवसाय सुचारू रूप से नहीं चला पा रहे हैं। न्यू संगीता मिठाई की प्रोपराइटर संगीता गुप्ता जो कि विधवा हैं इनको भी जल-कल विभाग द्वारा परेशान किया जा रहा है और दुकान सील करने की धमकी दी गई है। मुंशी पुलिया अध्यक्ष अविनाश जायसवाल ने चेतावनी दी कि यदि इस तरह की प्रताड़ना से किसी व्यापारी या उनके परिवार को कोई नुकसान होता है।

नगरीय और मलिन बस्तियों को जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के शहरी इलाकों को बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की दिशा में सरकार प्रदेश के नगरीय और मलिन बस्ती क्षेत्रों के कायाकल्प के लिए तेजी से कार्य कर रही है। अधिकृत सूत्रों ने शनिवार को बताया कि मुख्यमंत्री नगरीय अविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजना के तहत मथुरा, मुरादाबाद, आजमगढ़ और गाजियाबाद जिलों में 16 प्रमुख विकास परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। इसके लिए बकायदा 169 लाख रुपये से अधिक की धनराशि भी स्वीकृति की गई है। इन परियोजनाओं के माध्यम से योगी सरकार शहरी बस्तियों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के साथ साथ यहां रहने वाले लोगों को एक बेहतर जीवन स्तर प्रदान करने पर जोर दे रही है। उन्होने बताया कि 'मुख्यमंत्री नगरीय अविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजना' के तहत न केवल सड़क और नाली निर्माण किया जा रहा है।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत के दौरान उठी गांव देहात की समस्याएं

शकुन टाइम्स संवाददाता

हापुड़। शनिवार को अपने ही गन्ने का ब्याज तो दूर असल भुगतान तक न मिलने पर मासिक पंचायत में कड़ी नाराजगी जताई गई। मासिक पंचायत का संचालन सिंभावली ब्लॉक अध्यक्ष मुनव्वर अली और अध्यक्षता हापुड़ तहसील अध्यक्ष ओमबीर सिंह ने की।जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा की जानकारी देते हुए बताया है कि लगातार फसलों में बर्बादी कर रहे छुटटा पशुओं पर अधिकारियों द्वारा को भी नहीं कसी जा रही नकेल जिनसे लगातार जान के साथ साथ माल का भी नुकसान हो रहा हैं।

इसके साथ ही जानलेवा साबित हो रहे ओवरलोडिंग वाहनों से भी नहीं मिल पा रही कोई निजात जिसपर पुलिस और एआरटीओ द्वारा किसी भी तरह की कोई भी कार्यवाही नही की जा रही हैं। वही ऊर्जा निगम द्वारा ओवरलोडिंग की आड़ में मजदूर व किसान से की जा रही है खुली लूट जोकि ग्रामीण अंचल में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है अगर जल्द ही इन समस्याओं का निस्तारण न होने पर बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी गई हैं। जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा रणनीति बनाकर आंदोलन किया जाएगा।मासिक पंचायत में जिला प्रवक्ता कुंवर खुशनूद, मेरठ मण्डल संगठन मंत्री महिपाल उर्फ गुजराल, मेरठ मण्डल उपाध्यक्ष शब्बू चौधरी, जिला कार्य कारणी सदस्य अर्जुन चौधरी, ब्लॉक उपाध्यक्ष नफीस खां, क्षेत्रीय अध्यक्ष नोशाद अली, डॉक्टर मतलूब, माजिद चौधरी, आजाद तोमर, विनोद शर्मा, राजा खेड़ा समेत मौजूद रहे।

तीनों तहसीलों में प्राप्त हुई 68 शिकायतें, 08 का मौके पर कराया गया निस्तारण

शकुन टाइम्स संवाददाता

हापुड़। धौलाना तहसील में जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा के नेतृत्व में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी लवी त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान धौलाना तहसील दिवस में कुल 28 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 03 का मौके पर अधिकारियों द्वारा निस्तारण कराया गया।

उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित जनपदीय सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिलना चाहिए। उपजिलाधिकारी ने तहसील दिवस में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं उनका निस्तारण ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने तहसीलदार धौलाना को निर्देश दिए कि तहसील दिवस में भूमि, चक रोड पर कब्जा से संबंधित जो भी शिकायत प्राप्त हुई हैं उनमें स्वयं मौके पर जाकर जांच करें, जांच के उपरांत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शिकायत के निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता को भी अवगत कराया जाये व इसी के साथ उप जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में उपस्थित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए की तहसील दिवस में जो भी शिकायत प्राप्त हो रही हैं उनका आगामी तहसील दिवस से पूर्व निस्तारण करना सुनिश्चित करें जिससे उन समस्याओं को बार-बार न दोहराया जाए व इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील त्यागी, तहसीलदार धौलाना, पुलिस क्षेत्र अधिकारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके साथ ही गढ़मुक्तेश्वर तहसील में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में तहसील दिवस सम्पन्न हुआ जहां पर 23 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 01 का निस्तारण मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कराया गया। इसी क्रम में हापुड़ तहसील की अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतो को सुना। सम्पन्न हुए हापुड़ तहसील दिवस में 17 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 04 का निस्तारण किया गया।

छोटे मासूम बच्चों को कॉफी व बिस्किट किया वितरण

हापुड़। शनिवार को नारी उत्थान फाउंडेशन एनजीओ अध्यक्ष सरिता गुप्ता व पदाधिकारी राजकुमार शर्मा ने गरीबों एवं जरूरतमंदों छोटे बच्चों को कॉफी एवं बिस्किट किया वितरण, जहां पर बच्चों के चेहरे पर इन चीजों को देख आई मुस्कान, कहते हैं कि छोटे-छोटे मासूम बच्चे कभी-कभी क्या सोचते है मगर उनकी सोच कभी पूरी नहीं होती अगर छोटे-छोटे बच्चों का सम्मान किया जाए तो उनके चेहरे पर जो खुशी आती है उसका कोई मोल नहीं होता, नारी उत्थान फाउंडेशन एनजीओ अध्यक्ष सरिता गुप्ता व पदाधिकारी राजकुमार शर्मा ने बताया कि बापूधाम अपना घर कॉलोनी के आसपास उन्होंने छोटे बच्चों को काफी और बिस्किट वितरण किया जहां पर बच्चों में एक खुशी की लहर दौड़ गई उनके चेहरे पर एक खुशी की भावना देखी गई, हमारा मकसद है कि छोटे-छोटे बच्चे एवं जरूरतमंदों गरीब बच्चों की सेवा करना हमारा फर्ज है क्योंकि सेवा से बड़ा धर्म कोई नहीं होता, और छोटे-छोटे बच्चों की खुशियां तो अनमोल होती हैं जिनका पूरा करना हम सभी का फर्ज है।



सम्पादकीय

निर्वासितों से दुर्व्यवहार को सामान्य न बनाएं

लेखा रत्तनानी

19 फरवरी को यूनाइटेड स्टेट्स व्हाइट हाउस ने 41 सेकंड का एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें निर्वासितों को बेड़ियों में जकड़ा हुआ दिखाया गया है क्योंकि उन्हें अवैध अप्रवासियों को (जैसा कि उन्हें वहां श्अवैध एलियंसश् के रूप में जाना जाता है) अमेरिकी क्षेत्र से निकालने के डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के प्रयासों के तहत निर्वासन कार्यों के लिए एक हवाई जहाज में ले जाया जा रहा है। वीडियो में निर्वासितों या अमेरिकी अधिकारियों के चेहरे नहीं दिखाए गए थे लेकिन बाद वाले ने जो जैकेट पहनी थी जिससे स्पष्ट रूप से पता चलता है कि वे एनफोर्समेंट एंड रिमूवल ऑपरेशंस (ईआरओ) से थे, जो अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) के प्रवर्तन और निष्कासन कार्यों का संक्षिप्त रूप है। वीडियो का उद्देश्य न केवल निर्वासितों, जिनमें से कई भारत से हैं, बल्कि उनके राष्ट्रों और उनके नागरिकों का समग्र रूप से उपहास उड़ाना और उन्हें शर्मिंदा व अपमानित करना था। वीडियो का चौंकाने वाला शीर्षक था-एएसएमआर अवैध विदेशी निर्वासन उड़ान और एलोन मस्क के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसे 100 मिलियन से अधिक बार देखा गया है। वीडियो में एएसएमआर (ऑटोनॉमस सेंसरी मेरिडियन रिस्पांस) का तात्पर्य स्टील की जंजीरों की झुनझुनी ध्वनि से है जब उन्हें टरमैक पर बिछाया जाता है क्योंकि कैदी आगे बढ़ते हैं और एक-एक करके उन्हें जंजीरों में जकड़ा जाता है। एएसएमआर रीढ़ की हड्डी में महसूस होने वाली संतुष्टि और सुखद झुनझुनी की भावना है, जो कुछ लोगों में कुछ ध्वनियों से ट्रिगर होती है, जैसे टिशू पेपर का कुचलना या बबल रैप का फटना।

स्टील की बेड़ियों के बिछाए जाने की आवाज वह झुनझुनी है जिसे वे पसंद करते हैं। मस्क ने वीडियो को हाहा... वाह शब्दों के साथ रीट्वीट किया। निर्वासितों के साथ अमानवीय व्यवहार सिफ उनके साथ किए जाने वाले व्यवहार में ही नहीं है। अमेरिकियों के दिमाग में श्एलियंसश् की गहरी पैठ है, जिसमें कई परतें काम कर रही हैं, जैसे कि श्वेत वर्चस्व, गरीबी का अपराधीकरण और या दुर्व्यवहार का सामान्यीकरण। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक अकाउंट से ऐसा वीडियो जारी करने और उनके सबसे भरोसेमंद लेफ्टिनेंट द्वारा इसे रीट्वीट करने पर हंसने के लिए दिमाग में कुछ गड़बड़ जरूर है। सभी देशों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे निर्वासितों को वापस लौटाएं और अमेरिका को यह बताएं कि निर्वासन ठीक है लेकिन इंसानों के साथ दुर्व्यवहार करना, जिनमें से ज्यादातर समाज के गरीब तबके के हैं और जो आजीविका की तलाश में हैं, ऐसी नौकरियां लेना जो इन इच्छुक श्रमिकों की उपलब्धता के बिना भी उपलब्ध हैं, एक फासीवादी शासन के करीब है जो अन्य मनुष्यों को मनुष्य से कमतर समझता है। निर्वासन के लिए लक्षित देशों में सबसे बड़ा, सबसे मजबूत और सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में भारत को यह विरोध अवश्य व्यक्त करना चाहिए। इसमें भारत स्पष्ट रूप से, बड़े पैमाने पर और बुरी तरह विफल रहा है। इसकी जगह हमारे पास ऐसा नेतृत्व है जो अमेरिका की कार्रवाइयों को उचित ठहराता है। क्या यह पूर्व विदेश सेवा के राजनयिक से राजनेता बने डॉ. एस जयशंकर नहीं थे जिन्होंने 6 फरवरी को एक बयान में कहा था- श्आईसीई द्वारा उपयोग किए जाने वाले विमान द्वारा निर्वासन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया, जो 2012 से प्रभावी है, मैं दोहराता हूं, जो 2012 से प्रभावी है, प्रतिबंधों के उपयोग का प्रावधान करती है। हालांकि, हमें आईसीई द्वारा सूचित किया गया है कि महिलाओं और बच्चों को नहीं रोका जाता है। इसके अलावा भोजन या अन्य आवश्यकताओं से संबंधित पारगमन के दौरान निर्वासित लोगों की जरूरतों का ध्यान रखा जाता है, जिनमें संभावित चिकित्सा व आपात स्थिति भी शामिल है। मैं दोहराता हूं कि 5 फरवरी को अमेरिका द्वारा की जाने वाली उड़ान के लिए पिछली प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं किया गया है।जयशंकर यह कहने में अधिक उत्सुक हैं कि हमने अपने कार्यकाल के दौरान कुछ नहीं किया। भाजपा के केंद्र में सत्ता में आने के बाद उनके द्वारा किए गए बेतुके, पूरी तरह से बेतुके, बदसूरत, बेशर्म और खुद को चोट पहुंचाने वाले हैं। पहले और बाद के बीच कृत्रिम विभाजन को देखिए! प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को डॉ. जयशंकर को फटकार लगानी चाहिए, अगर नहीं तो पदावनत करना चाहिए क्योंकि उन्होंने इस महत्वपूर्ण मामले में देश को नीचा दिखाया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और राजनीतिक स्पेक्ट्रम के अन्य संगठनों को जयशंकर के खिलाफकार्रवाई करनी चाहिए। छोटे देशों ने बेहतर काम किया है। वे एक अच्छी प्रतिक्रिया के उदाहरण के रूप में सामने आते हैं। कोलंबिया, ब्राजील और मैक्सिको ने अपने देशों में वापस भेजे गए निर्वासितों के साथ दुर्व्यवहार को स्पष्ट रूप से सामने लाया है। दो दक्षिण अमेरिकी देशों और मैक्सिको की गुस्से भरी प्रतिक्रियाएं एक अच्छी और संतुलित प्रतिक्रिया का एक शानदार उदाहरण हैं। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो की एक वाणिज्यिक उड़ान पर कोलंबियाई निर्वासितों को संबोधित करते हुए तस्वीरें हैं, जब उन्होंने निर्वासितों को ले जा रहे अमेरिकी सैन्य कार्गो विमान को अनुमति देने से इनकार कर दिया तो वे सबसे पहले आवाज उठाने वालों में से एक थे। पेट्रो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म श्एक्सश् पर कहा था, श्मैं कोलंबियाई प्रवासियों को ले जाने वाले अमेरिकी विमानों के हमारे क्षेत्र में प्रवेश देने से इनकार करता हूं। संयुक्त राज्य अमेरिका को प्रवासियों को प्राप्त करने से पहले उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार के लिए एक प्रोटोकॉल स्थापित करना चाहिए।श् कोलंबिया ने निर्वासितों को वापस लाने के लिए अपने देश के विमान भेजे और पेट्रो ने अपने लोगों को सम्मान के साथ वापस भेजने के लिए राष्ट्रपति के विमान की भी पेशकश की। यह भारतीय प्रतिक्रिया के बिल्कुल विपरीत है। निर्वासित लोगों के तीन बैचों को हथकड़ियां और पैरों में जंजीरें डालकर अमेरिकी सैन्य कार्गो विमान की घुटन भरी उड़ान द्वारा भारत वापस लाया गया है। 23 फरवरी को भारतीय निर्वासितों का चौथा और नवीनतम बैच दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। अमेरिकी सैन्य कार्गो विमानों में हथकड़ी और जंजीरों में बंधे पहले के समूहों के विपरीत 12 लोगों का यह जत्था पनामा से एक वाणिज्यिक उड़ान से वापस आया। वे बेड़ियां खोले हुए थे और उनके पैरों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लगे हुए थे।

स्टील की बेड़ियों के बिठाए जाने की आवाज वह झुनझुनी है जिसे वे पसंद करते हैं। मस्क ने वीडियो को हाहा... वाह शब्दों के साथ रीट्वीट किया। निर्वासितों के साथ अमानवीय व्यवहार सिफ उनके साथ किए जाने वाले व्यवहार में ही नहीं है। अमेरिकियों के दिमाग में श्एलियंसश् की गहरी पैठ है, जिसमें कई परतें काम कर रही हैं, जैसे कि श्वेत वर्चस्व, गरीबी का अपराधीकरण और या दुर्व्यवहार का सामान्यीकरण। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक अकाउंट से ऐसा वीडियो जारी करने और उनके सबसे भरोसेमंद लेफ्टिनेंट द्वारा इसे रीट्वीट करने पर हंसने के लिए दिमाग में कुछ गड़बड़ जरूर है। सभी देशों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे निर्वासितों को वापस लौटाएं और अमेरिका को यह बताएं।

खनिजों पर अमेरिका-यूक्रेन डील चीन को मात देने की एक सोची-समझी कोशिश

24 फरवरी, 2022 को शुरू हुआ रूस-यूक्रेन युद्ध अब तीन साल बाद समाप्त होने वाला है। अपने दावों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस युद्ध को समाप्त करने के लिए सभी पक्षों के साथ सौदे कर रहे हैं। यह सच है कि ट्रम्प ने शर्मनाक तरीके से सभी सिद्धांतों को त्याग दिया है और अपने मगा (मेकअमेरिक ग्रेट अगेन) लक्ष्यों की तलाश में रूसी राष्ट्रपति के साथ एक गुप्त समझौता किया है। पश्चिमी देशों की प्रमुख समाचार एजेंसियां अमेरिका और यूक्रेन के बीच एक महत्वाकांक्षी खनिज सौदे की रिपोर्ट कर रही हैं, जो वास्तव में युद्ध के अंत की घोषणा करता है। राष्ट्रपति जेलेंस्की शुक्रवार को व्हाइट हाउस का दौरा करेंगे और राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। यूक्रेन के साथ, ट्रम्प इस सौदे के जरिये अपने असंख्य प्राकृतिक संसाधनों- तेल और गैस, टाइटेनियम और दुर्लभ पृथ्वी और अन्य खनिजों - को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जो वर्तमान में वैश्विक स्तर पर चीन के कब्जे में हैं। यूक्रेन में 22 महत्वपूर्ण खनिज हैं जिन्हें अमेरिका ने रक्षा से लेकर ईवी बैटरी निर्माण जैसे विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए सूचीबद्ध किया है। यूक्रेन में पहचाने गये कुछ संसाधन, इनमें से कम से कम 85 प्रतिशत वर्तमान में चीन में संसाधित किये जाते हैं। अगर चीन विदेशों में खरीदारों को उनकी आपूर्ति पर रोक लगाता है तो अमेरिका के लिए यह मुश्किल होगा। इन खनिजों का मूल्य लगभग 100 बिलियन से 500 बिलियन के बीच अनुमानित है और चीन के साथ अपने विवाद में अमेरिका के लिए यह एक बड़ी राहत होनी चाहिए। इन खनिज संसाधनों तक स्वतंत्र पहुंच से अमेरिका को चीन को और अधिक आक्रामक तरीके से धमकाने में मदद मिलेगी। यूक्रेन के साथ अमेरिकी सौदे को एक सुरक्षा रैकेट कहा जाता हैरू रूसियों से लड़ने के लिए अब तक अमेरिका द्वारा देश को दी गयी हर 1 डॉलर की मदद के लिए 2 संसाधन दिये जा रहे हैं। संसाधन सौदे से उत्पन्न धन का उपयोग देश के पुनर्निर्माण के लिए किया जाना चाहिए। इसका मतलब संयुक्त राज्य अमेरिका की निर्माण फर्मों के लिए भी व्यापार होगा। अमेरिका और यूक्रेन द्वारा इन खनिजों का संयुक्त विकास, यूक्रेन की धरती पर, प्रभावी रूप से युद्धविराम और शत्रुता की समाप्ति का भी मतलब होगा। ऐसा लगता है कि ये सौदे बंदूक की नोंक पर किये गये थे। डोनाल्ड ट्रम्प के पास कानून के शासन और क्षेत्रीय अखंडता पर आधारित अंतरराष्ट्रीय प्रणाली के लिए बहुत कम सम्मान है। इसलिए यह सौदा वस्तुतरू यूक्रेन के कब्जे वाले हिस्सों पर रूसी दावों को औपचारिक मान्यता देता है। यह रूसी राष्ट्रपति को उनके आक्रामक कृत्य के लिए एक तरह की छूट देता है।

यूक्रेन पर संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव में इस स्थिति की पुष्टि की गयी है जिसमें रूस को आक्रामक नहीं बताया गया है। यह नीति का पूर्ण उलटफेर है। अमेरिका ने सभी देशों में से रूस और उत्तर कोरिया के साथ मिलकर मतदान किया है इसके अलावा, अमेरिका यूरोपीय संघ के देशों और उसके पारंपरिक सहयोगियों के खिलाफमतदान कर रहा था। इसने पूरी भू-राजनीतिक तस्वीर बदल दी। रूस और अमेरिका ने यूरोपीय संघ और अन्य के खिलाफएक साथ मतदान किया। यह पहली बार है जब अमेरिकियों और यूरोपीय लोगों ने संयुक्त राष्ट्र में विरोधी पक्षों में मतदान किया। उल्लेखनीय रूप से, प्रस्ताव पर दो महत्वपूर्ण अनुपस्थिति रही है, इनमें से एक रूस का असीम मित्र है। चीन और ईरान ने सबसे अधिक अनुपस्थिति दिखाई है। अमेरिका और रूस की अचानक निकटता ने रूस और अमेरिका के बीच संबंध बनाने और रूस को चीनी सर्किट में मजबूती से फंसाने की चीनी कूटनीति की वर्षों की चाल को विफल कर दिया है। इस प्रकार, अमेरिका के यूक्रेन सौदे में कई अन्य देशों के साथ दोहरी डील हुई है। यह डील चीन को कई तरह से रूस से अलग-थलग कर देगी और रूस को एक तरह से अमेरिकी दायरे में लायेगी। बेशक, चीन यूक्रेन युद्ध के दौरान रूस को समर्थन दे रहा था, लेकिन रूस को चीन का जूनियर पार्टनर महसूस कराया गया। दूसरी ओर, पश्चिमी यूरोपीय देश, अर्थात् यूरोपीय संघ और ब्रिटेन अलग-थलग पड़ गये हैं। उनका पक्का दोस्त चला गया है। उन्होंने चीन के साथ तनावपूर्ण संबंध विकसित किये हैं। उनके पास सुरक्षा के लिए बहुत अधिक ताकत नहीं बची है, इसलिए वे भी रूस की दया पर निर्भर हैं। लेकिन फ्रांस ने अभी भी अपने घरेलू मैदान में अमेरिका पर कूटनीति के कुछ अंक हासिल किये हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को व्हाइट हाउस में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बात बीच में ही काट दी। पहली बार, संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने बढ़त हासिल की और उन्होंने कई मौकों पर ट्रंप को सही किया। फ्रांसीसी उपशीर्षकों और बारीकियों के साथ मैक्रों ने ट्रंप को आसानी से मात दे दी, जब उन्होंने दावा किया कि यूरोपीय देशों ने यूक्रेन की रक्षा के लिए वास्तव में अमेरिका की तुलना में भुगतान नहीं किया। मैक्रों ने दृढ़ता से हस्तक्षेप करते हुए बताया कि यूरोपीय संघ ने यूक्रेन की रक्षा के लिए धन मुहैया कराया था पैसा, असली पैसा। ट्रंप चुप हो गये। व्हाइट हाउस के अनुभवी संवाददाताओं ने बताया कि एक बार ट्रंप प्रेस कॉन्फ्रेंस में चुप रहे, जबकि मैक्रों ने अपने दृष्टिकोण को विस्तार से बताया। व्हाइट हाउस से बाहर आने के बाद भी मैक्रों ने पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप की आलोचना की।

खाद का संकट

देश के कई राज्यों में रासायनिक खादों की मांग में अप्रत्याशित वृद्धि ने नीति-नियंताओं को चौंकाया है। विशेषकर हरियाणा में यूरिया और डाई-अमोनियम फॉस्फेट यानी डीएपी की खपत में तीव्र वृद्धि ने उर्वरक मंत्रालय की चिंताएं बढ़ा दी हैं। यह तथ्य चौंकाने वाला है कि इस रबी के सीजन में हरियाणा में यूरिया खाद का उपयोग अट्ठारह फीसदी तक बढ़ गया है। जबकि कुछ जिलों में डीएपी की खपत में 184 फीसदी का उछाल देखा गया है। दरअसल, रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग और सब्सिडी वाले उर्वरकों की जरूरत से ज्यादा खपत, असामान्य स्थिति का संकेत दे रही है। जिसके चलते अधिकारियों को शंका है कि सब्सिडी वाले नीम कोटेड यूरिया को बड़ी मात्रा में खरीदकर प्लाइवुड, राल व खनन विस्फोटक जैसे उद्योगों के लिये ले जाया जा रहा है। जिनके लिये तकनीकी-ग्रेड वाला यूरिया खासा महंगा पड़ता है। आशंका जतायी जा रही है कि इन व्यवसाय में लगे कुछ लोग इस मूल्य अंतर का लाभ उठाकर बड़े पैमाने पर सब्सिडी वाली खाद की हेराफेरी कर रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार ये असामाजिक तत्व करीब दस लाख टन यूरिया का दुरुपयोग कर रहे हैं, जिसकी कीमत छह हजार करोड़ रुपये बतायी जा रही है। इसकी पड़ताल के लिये केंद्र सरकार ने राज्य के अधिकारियों के साथ संयुक्त अभियान आरंभ किया है। साथ ही दोषी लोगों के खिलाफकड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इतना ही नहीं, केंद्रीय उर्वरक विभाग आपूर्ति श्रृंखलाओं की निगरानी और रासायनिक खादों के रिसाव पर अंकुश लगाने के लिये विभिन्न मंत्रालयों के साथ समन्वय कर रहा है। कोशिश है कि किसानों को सब्सिडी पर मिलने वाली खाद के दुरुपयोग पर अंकुश लगाया जा सके। आशंका जतायी जा रही है ऐसी कोशिश पर यदि समय पर अंकुश नहीं लगाया गया तो कालांतर किसानों के लिये खाद की आपूर्ति बाधित हो सकती है। जिसके सामाजिक व राजनीतिक निहितार्थों को समझते हुए केंद्र सरकार के संबंधित विभाग सतर्क प्रतिक्रिया दे रहे हैं। यह तथ्य निर्विवाद है कि खेती में अत्यधिक उर्वरकों का उपयोग एक जटिल समस्या बनता जा रहा है। दरअसल, आम किसानों को ठोस जानकारी नहीं मिल पाती कि इसका कितना उपयोग अधिक फसल लेने व भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिये काफी है। आम किसान पैदावार बढ़ाने के लिये बड़ी मात्रा में यूरिया का उपयोग करते हैं। खासकर नई उच्च नाइट्रोजन वाली गेहूं की किस्मों के लिये। वहीं एनपीके यानी सोडियम, फॉस्फोरस व पोटेशियम उर्वरक की खपत में वृद्धि ने यूरिया पर निर्भरता को और अधिक बढ़ा दिया है। जिससे मिट्टी का क्षरण, कीट जोखिम बढ़ने के साथ ही भूजल प्रदूषण में तेजी से वृद्धि हो रही है। निर्विवाद रूप से रासायनिक उर्वरकों का अंधाधुंध उपयोग न केवल मिट्टी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रहा है बल्कि कृषि भूमि की दीर्घकालीन उपादेयता को भी कम कर रहा है। उर्वरकों की खपत में तेजी से वृद्धि देश की आर्थिकी पर प्रतिकूल असर डाल रही है। उर्वरकों के आयात पर देश की बढ़ती निर्भरता वित्तीय संकट को भी बढ़ावा दे रही है। देश वार्षिक रूप से करीब 75 लाख टन यूरिया का आयात करता है। यूरिया की बढ़ती वैश्विक कीमतों ने उर्वरक सब्सिडी को 1.75 ट्रिलियन रुपये से अधिक कर दिया है। यदि इस स्थिति पर समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया तो बढ़ती उर्वरक मांग अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव डालेगी। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि सरकार उर्वरक की बिक्री की निगरानी को सशक्त बनाए । सब्सिडी वाली रासायनिक खाद का दुरुपयोग करने वालों के लिये सख्त दंड की व्यवस्था लागू करने की जरूरत है। इसके अलावा किसानों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि खेती में खाद का उपयोग कैसे संतुलित ढंग से किया जाना चाहिए। रासायनिक खाद की बिक्री को अनियंत्रित छोड़ देने से न केवल संकट का असर करदाताओं पर बोझ बढ़ाएगा वरन अर्थव्यवस्था पर भी दबाव बढ़ने की आशंका है। साथ ही बड़ा संकट इस बात का भी कि खेती में अत्यधिक रासायनिक खाद के उपयोग से हमारे पर्यावरण पर भी घातक प्रभाव होगा। जो कालांतर कृषि की स्थिरता को भी संकट में डाल सकता है।

ट्रंप-जेलेंस्की बहस को छोड़िये, चर्चा इस पर करिये कि यूक्रेनी राष्ट्रपति ने अपने देश के साथ क्या किया

नीरज कुमार दुबे

यूक्रेन में भी एक आपदा सरकार चल रही है जिसके राष्ट्रपति हैं वोलोदमीर जेलेंस्की। जेलेंस्की ने पद संभालने के बाद से अपने देश को आपदा में झोंक दिया। रूस के साथ तीन वर्ष से चल रहे युद्ध में यूक्रेन पूरी तरह तबाह हो चुका है। लाखों लोग मारे गये हैं, आधी जनता दूसरे देशों में भाग कर शरणार्थी जीवन गुजार रही है, सारे संसाधन तबाह हो चुके हैं लेकिन जेलेंस्की को युद्ध युद्ध खेलना अब भी अच्छा लग रहा है। वह अब भी कह रहे हैं कि संघर्षविराम के लिए राजी नहीं होंगे।

देखा जाये तो इस युद्ध में यदि यूक्रेन को बड़ी शक्तियों का साथ नहीं मिलता तो वह दो दिन भी मैदान में नहीं टिक सकते थे लेकिन जेलेंस्की अब भी यह नहीं समझ पा रहे हैं कि किसी भी देश के लिए उनकी मदद करते रहने की एक सीमा है। जेलेंस्की को समझना होगा कि दो देशों का युद्ध अगर तीसरे विश्व युद्ध में तब्दील हुआ तो पहले ही तमाम चुनौतियों से जूझ रही दुनिया के लिए मुश्किलें और बढ़ जायेंगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने जेलेंस्की को ओवल ऑफिस में मुलाकात के दौरान जिस तरह खरी खरी सुनाई उसकी दुनियाभर में तारीफ हो रही है। हालांकि एक वर्ग अमेरिकी राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति की ओर से जेलेंस्की के साथ किये गये बर्ताव को अमर्यादित बता रहा है लेकिन ऐसे लोगों को समझना होगा कि जेलेंस्की की सनक की सजा यूक्रेन के साथ ही पूरी दुनिया को भुगतने की इजाजत नहीं दी जा सकती। जहां तक ओवल ऑफिस में अमेरिका और यूक्रेन के राष्ट्रपति के बीच हुई तीखी बहस की बात है तो आपको बता दें कि पहले से ही तनावपूर्ण माहौल में हो रही बैठक में उस समय बड़ा विस्फोट हो गया जब वेंस ने रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान निकालने के लिए कूटनीति की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान ज़ेलेंस्की ने हाथ जोड़कर प्रतिवाद किया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। जेलेंस्की ने कहा कि आप किस तरह की कूटनीति की बात कर रहे हैं, जेडी ? इस पर वेंस ने पलटवार करते हुए कहा, श्मैं उस तरह की कूटनीति के बारे में बात कर रहा हूं जो आपके देश के विनाश को रोकेगी।%% इस दौरान ज़ेलेंस्की ने पुतिन के प्रति उनके नरम रुख को लेकर ट्रंप को खुली चुनौती दी और उनसे श्हत्यारे के साथ कोई समझौता नहीं करनेश् का आग्रह किया। ज़ेलेंस्की ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन ने यूक्रेन के हमारे बड़े हिस्से पर कब्ज़ा कर लिया। उन्होंने कहा कि 2014 के दौरान किसी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को नहीं रोका। उन्होंने लोगों को मार डाला। जेलेंस्की ने कहा कि 2019 में मैंने उनके साथ युद्धविराम के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए मगर उन्होंने युद्धविराम तोड़ा, हमारे लोगों को मारा और कैदियों की अदला-बदली नहीं की इसलिए आप किस तरह की कूटनीति की बात कर रहे हैं जेलेंस्की की बात का जवाब देते हुए, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा, मैं उस कूटनीति की बात कर रहा हूँ जो देश के विनाश को समाप्त कर सकती है। जेडी वेंस ने कहा कि आपको अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का शुक्रिया अदा करना चाहिए क्योंकि अमेरिका के ओवल ऑफिस में आना और उस प्रशासन पर हमला करना अपमानजनक है जो आपके देश के विनाश को रोकने की कोशिश कर रहा है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि मैं पुतिन या किसी और के साथ नहीं हूं, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ हूं और दुनिया की भलाई के लिए संवाद में शामिल हूं। उन्होंने कहा कि पुतिन के लिए ज़ेलेंस्की के मन में जो नफरत है, उस तरह की नफरत के साथ समझौता करना बहुत मुश्किल है। ट्रंप ने कहा कि ज़ेलेंस्की को तत्काल युद्ध विराम करना चाहिए, युद्ध विराम तुरंत हो सकता है। यदि आप युद्ध समाप्त करना चाहते हैं, तो आपको एक समझौते पर हस्ताक्षर करना होगा। उन्होंने कहा कि यदि ज़ेलेंस्की कहते हैं कि उन्हें युद्ध विराम नहीं चाहिए तो उन्हें अमेरिका के बिना लड़ना होगा और यदि वे अमेरिका के बिना लड़ते हैं, तो ये आसान नहीं होगा क्योंकि हमारे बिना वे जीत नहीं सकते। उन्होंने कहा कि ज़ेलेंस्की को यह महसूस करने की जरूरत है कि वह युद्ध हार रहे हैं। ट्रंप ने कहा, मैं अब और युद्ध नहीं लड़ना चाहता। ट्रंप ने जेलेंस्की के प्रति तीखा रुख दिखाते हुए उन पर लाखों लोगों का जीवन खतरे में डालने का आरोप लगाया और कहा कि उनकी कार्रवाई से तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता था। हम आपको यह भी बता दें कि इस तीखी बहस को पूरी दुनिया में लोगों ने देखा। इस बहस से माहौल इतना गर्म हो गया था कि ट्रंप ने अपने दो शीर्ष सहयोगियों को ज़ेलेंस्की को यह बताने का निर्देश दिया कि अब उनके जाने का समय हो गया है। ऐसा तब हुआ जब वेटर वहां आये प्रतिनिधिमंडलों को दोपहर का भोजन परोसने की तैयारी कर रहे थे। एक अधिकारी ने बताया कि वार्ता जारी रखने की जेलेंस्की की इच्छा के बावजूद यूक्रेनियन प्रतिनिधिमंडल को वहां से चले जाने का निर्देश दिया गया।

देखा जाये तो इस युद्ध में यदि यूक्रेन को बड़ी शक्तियों का साथ नहीं मिलता तो वह दो दिन भी मैदान में नहीं टिक सकते थे लेकिन जेलेंस्की अब भी यह नहीं समझ पा रहे हैं कि किसी भी देश के लिए उनकी मदद करते रहने की एक सीमा है। जेलेंस्की को समझना होगा कि दो देशों का युद्ध अगर तीसरे विश्व युद्ध में तब्दील हुआ तो पहले ही तमाम चुनौतियों से जूझ रही दुनिया के लिए मुश्किलें और बढ़ जायेंगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने जेलेंस्की को ओवल ऑफिस में मुलाकात के दौरान जिस तरह खरी खरी सुनाई उसकी दुनियाभर में तारीफ हो रही है। हालांकि एक वर्ग अमेरिकी राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति की ओर से जेलेंस्की के साथ किये गये बर्ताव को अमर्यादित बता रहा है।

सचिन बेबी की किस्मत ने दिया धोखा, महज 2 रन से शतक से चूके

नई दिल्ली। विदर्भ और केरल के बीच रणजी ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला खेला जा रहा है। इस मुकाबले में केरल के कप्तान सचिन बेबी को उनकी किस्मत ने धोखा दे दिया। दरअसल वह रणजी ट्रॉफी फाइनल में अपने शतक से महज 2 रन से चूक गए। सचिन ने फाइनल में कमाल की पारी खेली लेकिन वह इसे शतक में नहीं बदल पाए। सचिन बेबी जब आउट हुए तब केरल का स्कोर 7 विकेट पर 324 था। उनकी इस बेहतरीन पारी का अंत पार्थ रेखाडे ने किया। रेखाडे ने सचिन को करूण नायर के हाथों कैच आउट कराया।

पंत के लिये टीम से बाहर रहना काफी कठिन है, भारत के सहायक कोच डोइशे

एजेंसी

दुबई । भारत के सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा कि स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के लिये चैम्पियंस ट्रॉफी मैच बाहर से देखना कठिन है लेकिन इस स्तर पर खेल की यही प्रकृति है। पिछले दो ग्रुप मैचों में पंत अंतिम एकादश से बाहर रहे हैं जबकि केएल राहुल ने विकेटकीपिंग की है। उन्होंने मध्यक्रम में अच्छी बल्लेबाजी के साथ विकेट के पीछे भी अपने काम को बखूबी अंजाम दिया। डोइशे ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा ,'' ऋषभ के लिये बाहर रहना काफी कठिन रहा है। लेकिन इस स्तर पर खेल का यही स्वभाव है। उन्होंने कहा ,'' केएल का प्रदर्शन अच्छा रहा है। उसे ज्यादा मौके नहीं मिले चूंकि हमें ऋषभ को तैयार रखना था। हमें नहीं पता कि कब उसकी जरूरत पड़ जाये। लेकिन दो बेहतरीन विकेटकीपर टीम में होना अच्छा है।'' डोइशे ने स्वीकार किया कि रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच दोनों टीमों के स्पिनरों का मुकाबला होगा। उन्होंने कहा ,'' न्यूजीलैंड के पास भी चार स्पिनर है लिहाजा यह स्पिनरों का मुकाबला होगा। टूर्नामेंट से पहले हमने सोचा नहीं था कि स्पिनरों की इतनी बड़ी भूमिका होगी। लेकिन उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की और पिच से भी मदद मिली। मुझे यकीन है कि अगले मैच में भी ऐसा ही होगा।

नेमार विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राज़ील टीम में शामिल

रियो डी जनेरियो। ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने नेमार को कोलंबिया और अर्जेंटीना के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की प्रारंभिक टीम में शामिल किया है। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने अक्टूबर 2023 में मोंटेवीडियो में उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के दौरान अपने बाएं घुटने में क्रूसिएट लिगामेंट के टूटने के बाद से अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। लंबी पुनर्प्राप्ति प्रक्रिया के बाद नेमार ने पिछली जनवरी में एक क्लब की ओर से खेलते हुये अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म की झलक दिखाई है। ब्राजील के मैनेजर डोरिवल जूनियर ने रियल बेटिस के विंगर एंटनी, किशोर रियल मैड्रिड के फॉरवर्ड एंड्रिक और एटलेटिको मैड्रिड के सैमुअल लिनो को भी शामिल किया है। इनके अलावा अनुभवी मिडफील्डर ऑस्कर और साओ पाउलो टीम के साथी लुकास मौरा को भी शामिल किया गया है। 52 सदस्यीय सूची में रियल मैड्रिड के विनीसियस जूनियर और रोड्रिगो, न्यूकैसल के एनफोर्सर ब्रूनो गुइमारेस और बार्सिलोना के विंगर रफिन्हा शामिल हैं। ब्राजील 20 मार्च को ब्रासीलिया में कोलंबिया से और पांच दिन बाद ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना से भिड़ेगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ कप्तान रोहित शर्मा खेलेंगे या नहीं?

असिस्टेंट कोच ने दिया बड़ा अपडेट

एजेंसी

नई दिल्ली। रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच मैच खेला जाएगा। टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में ये आखिरी ग्रुप मैच होगा। इसके बाद सेमीफाइनल मैच खेला जाएगा। कप्तान रोहित शर्मा पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। लेकिन उनको लेकर अब अहम अपडेट मिली है।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को मैच खेला जाएगा। टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में ये आखिरी ग्रुप मैच होगा। इसके बाद सेमीफाइनल मैच खेला जाएगा। कप्तान रोहित शर्मा पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। लेकिन उनको लेकर अब अहम अपडेट मिली है। टीम इंडिया के असिस्टेंट कोच रेयान डोशेट ने रोहित को लेकर प्रतिक्रिया दी है।

डोशेट ने रोहित की स्थिति को लेकर अपडेट दिया है। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि, वे अब पूरी तरह से ठीक हैं वे बल्लेबाजी कर रहे हैं। रोहित चोट का अच्छी तरह से ख्याल रखते हैं। रोहित को पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान दिक्कत हुई थी। हालांकि, अब ठीक है। लेकिन रोहित न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेंगे या नहीं इसे लेकर किसी भी तरह की आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रोहित को आराम दिया जा सकता है।

भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अपना पहला मैच बांग्लादेश के खिलाफ खेला। टीम इंडिया ने ये मैच 6 विकेट से जीता था, उसके बाद भारत ने इसके बाद पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया। अब वह न्यूजीलैंड से रविवार को भिड़ेगा। टीम इंडिया का सेमीफाइनल में किससे सामना होगा, ये अभी तय नहीं है। लेकिन ये जरूर है कि टीम इंडिया अपना सेमीफाइनल दुबई में खेलेगी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ मोहम्मद शमी को मिलेगा आराम, अर्शदीप खेल सकते हैं

एजेंसी

दुबई। न्यूजीलैंड की टीम में पांच खब्बू बल्लेबाजों की मौजूदगी और पाकिस्तान के खिलाफ मैच में मोहम्मद शमी को पिंडली में हुई हल्की परेशानी के कारण भारतीय टीम प्रबंधन रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में इस अनुभवी तेज गेंदबाज को आराम देकर अर्शदीप सिंह को उतार सकता है। शुक्रवार को अभ्यास सत्र को संकेत माने तो पंजाब के तेज गेंदबाज अर्शदीप इस मैच में शमी की जगह खेल सकते हैं। उन्होंने गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल के साथ काफी अभ्यास किया और 13 ओवर डाले। शमी ने छोटे रनअप के साथ सिर्फ छह सात ओवर फेंके।

पाकिस्तान के खिलाफ 23 फरवरी के मैच में शमी को तीसरे ओवर के बाद ही फिजियो से दाहिने पैर में उपचार कराना पड़ा था। अभ्यास सत्र के दौरान खिलाड़ियों के हावभाव से लग रहा था कि भारत सेमीफाइनल से पहले शमी को ब्रेक दे सकता है। केएल राहुल ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि विजयी संयोजन में बदलाव होगा या नहीं , कहा नहनीं जा सकता लेकिन सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने शाम को संकेत दिया कि गेंदबाजी संयोजन में बदलाव हो सकता है।

श्रेयस अय्यर ने नेट गेंदबाज जसकिरण को उपहार में दिए जूते, बोले-मेरे लिए यह बहुत मायने रखता है

एजेंसी

दुबई। आईसीसी क्रिकेट अकादमी पर नेट गेंदबाज जसकिरण सिंह के लिए यह खास पल था जब भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी अभ्यास सत्र के दौरान एक जोड़ी जूते भेंट किए। पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट और क्रिकेट के शौकीन जसकिरण लांगआफ पर फील्डिंग कर रहे थे जब अय्यर ने उनके पास जाकर कहा, पाजी क्या हाल चाल, सब बढ़िया। जसकिरण ने कहा, श्रेयस भाई मेरे पास आये और पूछा कि तुम्हारे जूते का साइज क्या है। मैंने कहा कि दस तो उन्होंने कहा कि मेरे पास तुम्हारे लिये कुछ है और उन्होंने मुझे ये जूते दिये। मेरे लिए यह बहुत मायने रखता है। जसकिरण ने पाकिस्तान और बांग्लादेश के बल्लेबाजों को नेट अभ्यास के दौरान गेंदबाजी की।

भारतीय टीम के नेट अभ्यास के लिये नहीं चुने जाने पर वह निराश था क्योंकि भारतीय टीम के अभ्यास के लिये कई आफ स्पिनर पहले ही से थे। उसकी निराशा हालांकि प्रसन्नता में बदल गई जब श्रेयस ने उसे उदास जानकर उसे यह तोहफा दिया। जसकिरण ने कहा,मैं चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आईसीसी नेट गेंदबाजी टीम का हिस्सा हूं। आज मेरे जीवन का खास पल था जब श्रेयस अय्यर ने मुझे यह जूते दिये। मैंने इस टूर्नामेंट में भारत के लिये फील्डिंग की लेकिन गेंदबाजी का मौका मिलने का इंतजार कर रहा था। मैंने पाकिस्तान और बांग्लादेश को गेंदबाजी की जो बहुत अच्छा अनुभव रहा। श्रेयस ने पाकिस्तान के खिलाफ अर्धशतक लगाया था। भारत ने वह मैच छह विकेट से जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। जसकिरण ने कहा कि वह ऋषभ पंत को गेंदबाजी करना चाहते हैं जो खब्बू बल्लेबाज हैं। उन्होंने कहा, टीम इंडिया का हर बल्लेबाज खास है लेकिन मुझे ऋषभ पंत पसंद है क्योंकि वह बायें हाथ का बल्लेबाज है और उसे गेंदबाजी करना रोचक होगा।

एनबीसीसी ने आम्रपाली समूह के 25,000 फ्लैट का निर्माण पूरा किया

एजेंसी

नई दिल्ली। अटॉर्नी जनरल ने कहा कि एनबीसीसी ने 2020 से दिसंबर, 2024 तक कुल 25,000 फ्लैटों का निर्माण पूरा कर लिया। ये फ्लैट आम्रपाली समूह की नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्रों में स्थित विभिन्न परियोजनाओं में शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय ने कई वर्षों तक फ्लैटों का निर्माण अटके रहने के बाद सरकारी निर्माण कंपनी एनबीसीसी को इनका निर्माण पूरा करने का दायित्व सौंपा था।

एनबीसीसी ने लगभग 25,000 फ्लैट का निर्माण पूरा कर लिया है और बकाया भुगतान न कर पाने वाले घर खरीदारों के 6,686 फ्लैट को बेचकर अब तक 3,177 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं। उच्चतम न्यायालय ने एनबीसीसी को आम्रपाली समूह की अटकी हुई आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने का काम सौंपा था। इस मामले में कोर्ट रिसीवर नियुक्त किए गए अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ के समक्ष पेश नवीनतम स्थिति रिपोर्ट में यह जानकारी दी। अगस्त, 2021 में कर्ज न चुका पाए घर खरीदारों को उचित अवसर देने के बाद एनबीसीसी को अब तक न बिक पाए फ्लैट बेचने की अनुमति दी गई थी। वेंकटरमणी ने कहा, '' 'कोर्ट रिसीवर' 4,959 बिना बिके फ्लैट एनबीसीसी को बिक्री के लिए जारी कर चुका है। इनमें से 4,733 इकाइयां बेची जा चुकी हैं जिनका कुल बिक्री मूल्य 2,617 करोड़ रुपये है। इनमें से 15 जनवरी 2025 तक 2,165 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।'' वेंकटरमणी ने कहा कि 'डिफॉल्टर' और 'पंजीकृत लेकिन भुगतान नहीं करने वाली' श्रेणी की 1,953 इकाइयों को भी बिक्री के लिए एनबीसीसी को जारी कर दिया गया है। इन इकाइयों का कुल 1,244 करोड़ रुपये के बिक्री मूल्य पर बेचा गया। इन दोनों श्रेणियों को मिलाकर एनबीसीसी ने कुल 6,686 फ्लैट बेच दिए हैंजिनका कुल बिक्री मूल्य 3,861 करोड़ रुपये है।

इनमें से कुल 3,177 करोड़ रुपये का भुगतान मिल चुका है। अटॉर्नी जनरल ने कहा कि एनबीसीसी ने 2020 से दिसंबर, 2024 तक कुल 25,000 फ्लैटों का निर्माण पूरा कर लिया। ये फ्लैट आम्रपाली समूह की नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्रों में स्थित विभिन्न परियोजनाओं में शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय ने कई वर्षों तक फ्लैटों का निर्माण अटके रहने के बाद सरकारी निर्माण कंपनी एनबीसीसी को इनका निर्माण पूरा करने का दायित्व सौंपा था। इस प्रक्रिया पर निगरानी के लिए कोर्ट रिसीवर की नियुक्ति भी की गई थी।

आठ प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी 2025 में रही 4.6 प्रतिशत

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में आठ प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी 2025 में सालाना आधार पर 4.6 प्रतिशत (अनंतिम) रही। जबकि दिसंबर 2024 में इन क्षेत्रों का उत्पादन सालाना आधार पर 4.8 प्रतिशत बढ़ा था। सरकार की ओर से शुक्रवार आंकड़े जारी किये गये। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार जनवरी, 2025 में सीमेंट, रिफाइनरी उत्पाद, कोयला, इस्पात, उर्वरक और बिजली उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गयी जबकि कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट रही। इन आठ उद्योगों का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में शामिल वस्तुओं के भार का 40.27 प्रतिशत



हिस्सा है। इस बीच अक्टूबर 2024 के संशोधित अंतिम आंकड़ों के अनुसार इन आठ प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर 3.8 प्रतिशत रही । अप्रैल-जनवरी, 2024-25 के दस माह के दौरान इन प्रमुख उद्योगों के उत्पादन में एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में 4.4 प्रतिशत (अनंतिम) की वृद्धि दर्ज की गयी है। आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष जनवरी में कोयला उत्पादन पिछले साल के इसी माह की तुलना में 4.6 प्रतिशत बढ़ा जबकि अप्रैल-जनवरी, 2024-25 के दौरान कोयला उत्पादन की वृद्धि 6.0 प्रतिशत रही। जनवरी में कच्चे तेल का उत्पादन 1.1 प्रतिशत गिरा और चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से जनवरी के दौरान इसके उत्पादन में सालाना आधार पर 2.0 प्रतिशत की गिरावट रही। जनवरी, 2025 में गैस उत्पादन 1.5 प्रतिशत गिरा और अप्रैल से जनवरी, के दौरान इसका संचयी उत्पादन एक साल पहले इसी अवधि से 0.5 प्रतिशत ऊंचा रहा।

पेट्रोलियम रिफाइनरी उद्योग के उत्पादन जनवरी में एक साल पहले की तुलना में 8.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी जबकि अप्रैल से जनवरी के दस माह में इसका उत्पादन एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में 3.3 प्रतिशत बढ़ा।

सीतारमण ने लोक लेखा अधिकारियों से सरकार के वार्षिक खातों को अधिक सरल बनाने को कहा

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोक लेखा सेवा अधिकारियों से सरकार के वार्षिक खातों को अधिक सुलभ और उपयोगकर्ताओं के लिए सरल बनाने को कहा। उन्होंने यहां 49वें लोक लेखा दिवस कार्यक्रम में लेखा महानियंत्रक (सीजीए) की अगुवाई में भारतीय लोक लेखा सेवा (आईसीएएस) के अधिकारियों की मौन तकनीकी क्रांति के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्यों के सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) को अपनाने से उन्हें संचालन और सरकारी कामकाज को पूरा करने में बहुत आसानी हो रही है।

सीतारमण ने कहा, मैं यह भी चाहूंगी कि आप सीएजी की सलाह से इस बात पर विचार करें कि क्या वार्षिक खातों को अधिक सुलभ और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाया जा सकता है। क्या ऐसी रिपोर्ट बनाई जा सकती हैं, जो अधिक सरल हों और जिन्हें आम नागरिक आसानी से समझ सकें। उन्होंने कहा कि चूंकि राज्यों के साथ पहले ही काफी डिजिटल एकीकरण हो चुका है, इसलिए सीजीए के पास उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर अधिक शोध किया जा सकता है। वित्त मंत्री ने कहा, यदि आप रिपोर्ट को उपयोगकर्ताओं के लिए अधिक अनुकूल बनाते हैं, तो इससे आपके काम की रोचकता बढ़ सकती है। सीतारमण ने व्यय विभाग और सीजीए दोनों से यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा कि आगामी वित्त वर्ष में सभी योजनाओं के लिए एसएनए-स्पर्श को सुचारू रूप से लागू किया जाए। एसएनए-स्पर्श एक एकीकृत नेटवर्क के माध्यम से

जापान और भारत के बीच द्विपक्षीय स्वैप व्यवस्था का नवीनीकरण

मुंबई। जापान और भारत ने प्रभावी द्विपक्षीय स्वैप व्यवस्था का आज नवीनीकरण किया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि जापान के वित्त मंत्रालय की ओर से अधिकृत बैंक ऑफ जापान और आरबीआई ने बीएसए के दूसरे संशोधन और पुनर्संरचना समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह दोतरफा वित्तीय व्यवस्था दोनों देशों को अपनी स्थानीय मुद्राओं के बदले अमेरिकी डॉलर की अदला-बदली करने की सुविधा प्रदान करती है। नवीनीकरण के तहत बीएसए का कुल आकार पूर्ववत 75 अरब डॉलर बना रहेगा। भारत और जापान का मानना है कि यह स्वैप व्यवस्था अन्य वित्तीय सुरक्षा उपायों को मजबूत और पूरक बनाएगी। साथ ही, यह द्विपक्षीय वित्तीय सहयोग को और गहरा करने के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक वित्तीय स्थिरता में भी योगदान देगी।

आरबीआई ने एचएसबीसी पर ठोका 60.6 लाख का जुर्माना

एजेंसी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियामक निर्देशों का उल्लंघन करने के आरोप में आज निजी क्षेत्र के हांगकांग एंड शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचएसबीसी) पर 60.60 लाख रुपये का जुर्माना ठोका। आरबीआई ने शुक्रवार को बताया कि 24 फरवरी 2025 के आदेश के तहत एचएसबीसी पर 66.60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। एचएसबीसी को 'अपने ग्राहक को जानें' (केवाईसी) दिशा-निर्देशों का पालन न करने, ऋण सूचना कंपनियों (सीआईसी) को उधारकर्ताओं के असुरक्षित विदेशी मुद्रा जोखिम की रिपोर्टिंग में चूक करने और बचत जमा खातों पर ब्याज दरों से जुड़े नियमों का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया। यह कार्रवाई बैंकिंग विनियमन अधिनियम

तथा क्रेडिट सूचना कंपनी (विनियमन) अधिनियम की अलग-अलग धाराओं के तहत की गई है। केंद्रीय बैंक ने बताया कि उसने 31 मार्च 2023 तक एचएसबीसी की वित्तीय स्थिति का निरीक्षण किया था, जिसमें नियामक अनुपालन में खामियां पाई गईं। इसके बाद बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि बैंक ने एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग (एएमएल) अलर्ट के निपटान का कार्य अपनी समूह कंपनी को आउटसोर्स कर दिया था। कुछ उधारकर्ताओं के असुरक्षित विदेशी मुद्रा जोखिम की जानकारी ऋण सूचना कंपनियों को नहीं दी गई थी और कुछ अयोग्य संस्थाओं के नाम पर बचत जमा खाते खोले गए थे।

आरबीआई ने आईआईएफएल समस्ता पर लगाया 33.10 लाख का जुर्माना

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियामक निर्देशों का उल्लंघन करने के आरोप में आज निजी क्षेत्र की वित्तीय सेवा प्रदाता कंपनी आईआईएफएल समस्ता फाइनेंस लिमिटेड पर 33.10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने शुक्रवार को बताया कि उसने 31 मार्च 2023 तक कंपनी की वित्तीय स्थिति का निरीक्षण किया था, जिसमें नियामक अनुपालन में कमियां पाई गईं। इसके बाद कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जांच के दौरान यह पाया गया कि कंपनी ने आरबीआई के निष्पक्ष आचरण संहिता संबंधी निर्देशों का उल्लंघन करते हुए कुछ उधारकर्ताओं से ऋण वितरण या चेक जारी करने की तिथि से पहले की अवधि के लिए ब्याज वसूला। इसके अलावा कंपनी 90 दिनों या उससे अधिक समय से बकाया राशि वाले कुछ ऋण खातों को गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत करने में विफल रही। साथ ही कुछ ऋण खातों को, जो वास्तव में एनपीए थे, बिना ब्याज और मूल राशि की संपूर्ण वसूली किए 'मानक संपत्ति' के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया। कंपनी ने प्रत्येक ग्राहक को विशिष्ट ग्राहक पहचान कोड (यूसीआईसी) देने के बजाय कुछ ग्राहकों को कई कोड आवंटित किए। आरबीआई ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई केवल विनियामक अनुपालन की कमियों पर आधारित है। इससे कंपनी एवं उसके ग्राहकों के बीच हुए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्रीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय:- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007



आईएस से संबंधित एडीएफ ने की पूर्वी डीआरसी में 23 नागरिकों की हत्या

कई लोगों को किया अगवा: संरा

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र। पूर्वी डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में इस्लामिक स्टेट (आईएस) से संबंधित डेमोक्रेटिक फोर्स (एडीएफ) के हमलों में कम से कम 23 लोग मारे गए हैं। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने स्थानीय अधिकारियों का हवाला देते हुए शुक्रवार को कहा कि मंगलवार और बुधवार को इतुरी प्रांत के कई गांवों में घातक हमले हुए। ओसीएचए ने कहा, हमलों के दौरान कई लोगों का अपहरण कर लिया गया, जबकि अन्य ग्रामीण अपनी सुरक्षा के लिए पड़ोसी इलाकों में भाग गए। बुधवार को उत्तरी किवु प्रांत के बेनी क्षेत्र में भी एडीएफ हमले की सूचना मिली, जिसमें 17 नागरिक मारे गए। गौरतलब है कि एडीएफ, मध्य अफ्रीका में इस्लामिक स्टेट का एक सहयोगी संगठन और युगांडा में एक विद्रोही समूह है। यह समूह पूर्वी डीआरसी के जंगलों में सक्रिय है। विद्रोही समूह को पूर्वी डीआरसी के गांवों में तबाही मचाने का दोषी ठहराया गया है। कार्यालय ने कहा कि दक्षिण किवु प्रांत में नागरिकों की सुरक्षा एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय बना हुआ है। किवु प्रांत की राजधानी बुकावू के चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि गुरुवार को बुकावू शहर के केंद्र में एम23 रैली में विस्फोटों में कम से कम 11 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। ओसीएचए ने कहा कि उसके साझेदारों ने विस्फोटों के बाद क्षेत्र में मानवीय आवश्यकताओं के आकलन को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया था, जिसे अब फिर से शुरू कर दिया गया है। मानवतावादियों ने कहा, दक्षिण किवु में स्थानीय अधिकारियों का अनुमान है कि बुकावू के दक्षिण-पूर्व में झड़पों के बीच फरवरी की शुरुआत से अबतक 1,25,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। इनमें से अधिकांश लोगों ने स्कूलों, चर्चों और फुटबॉल मैदानों में शरण ली है। क्षेत्र में चल रही झड़पें के कारण मानवीय पहुंच में बाधा उत्पन्न हो रही हैं। संरा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के मुख्य प्रवक्ता ने स्टीफन दुजारिक कहा हमारे सहयोगियों ने संरा शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) ने हमें बताया कि संघर्ष के कारण अपने घर को छोड़ कर भाग रहे कांगोली नागरिकों की संख्या बढ़ती जा रही है।

अमेरिका ने इजरायल को तीन अरब डॉलर की हथियार आपूर्ति को दी मंजूरी

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के विदेश विभाग ने इजरायल को लगभग तीन अरब अमेरिकी डॉलर की संभावित हथियार बिक्री को मंजूरी दे दी है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय 'पेंटागन' ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि आपातकालीन प्रक्रियाओं के तहत कांग्रेस को अधिसूचित किया पैकेज, मानक विधायी समीक्षा प्रक्रियाओं से परे है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि उसने इजरायल के साथ 2.04 अरब डॉलर के हथियार सौदे को मंजूरी दी है, जिसमें 2,000 पाउंड के बमों के लिए 35,529 सामान्य प्रयोजन के बम, 4,000 बंकर-बस्टिंग तथा 2,000 पाउंड के वारहेड शामिल हैं। आपूर्ति 2026 में शुरू होने का अनुमान है, लेकिन अमेरिकी रक्षा विभाग की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, संभावना है कि इस खरीद का एक हिस्सा जल्द अमेरिकी भंडार से आ सकता है, जिससे संभावित रूप से कुछ गोला-बारूद की तत्काल आपूर्ति हो सकती है। बयान के अनुसार 1,000 पाउंड के बम और मार्गदर्शन किट पर दूसरा सौदा, जिसकी कीमत 6757 लाख डॉलर है, जो 2028 में पूरा होने वाला है। तीसरा सौदा कैटरपिलर डी9 बुलडोजर पर 2950 लाख डॉलर का सौदा है, जिसकी आपूर्ति 2027 में होनी है। गौरतलब है कि यह इस महीने कांग्रेस की समीक्षा के बिना इजरायल को दूसरा आपातकालीन हथियार अनुमोदन है। अमेरिकी हथियारों की बिक्री पिछले महीने एक नाजुक युद्धविराम के बाद हुई, जिसने इजरायल और हमास के बीच 15 महीने की शत्रुता पर अल्पिवराम लगा दिया। मिस्र के सुरक्षा स्रोत ने शुक्रवार को चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि काहिरा में एक इजरायली प्रतिनिधिमंडल ने गाजा युद्धविराम समझौते के पहले चरण को अतिरिक्त 42 दिनों के लिए बढ़ाने का प्रस्ताव रखा। नाम न छापने की शर्त पर सूत्र ने कहा कि वार्ता में अभी तक सौदे के दूसरे चरण को संबोधित नहीं किया गया है, जो गाजा में युद्ध को समाप्त करने और गाजा पट्टी से पूरी तरह से इजरायल की वापसी सुनिश्चित करने का प्रयास का हिस्सा है।

संक्षिप्त सामाचार

तीनों सेनाओं के विशेष बलों ने संयुक्त अभ्यास में अपने जौहर दिखाए

नयी दिल्ली। तीनों सेनाओं के विशेष बलों ने एकीकरण और युद्ध के समय बेहतर तालमेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जोधपुर में एकीकृत अभ्यास डेजर्ट हंट में अपने रण कौशल और जौहर का प्रदर्शन किया। वायु सेना ने शनिवार को बताया कि 24 से 28 फरवरी तक जोधपुर वायु सेना स्टेशन में हुए डेजर्ट हंट-2025 नामके एकीकृत त्रि-सेवा विशेष बल अभ्यास में सेना के विशिष्ट पैरा (विशेष बल), नौसेना के मरीन कमांडो और वायु सेना के गरुड़ (विशेष बल) ने एक कृत्रिम युद्ध वातावरण में एक साथ भागीदारी की। इस जबरदस्त-तीव्रता वाले अभ्यास का उद्देश्य उभरती सुरक्षा चुनौतियों के प्रति त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए तीन विशेष बल इकाइयों के बीच अंतर-संचालन, समन्वय और सामंजस्य को बढ़ाना था।

सड़क दुर्घटना में वृद्ध व्यक्ति की मौत

छपरा। बिहार में सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया की डुमरी गांव निवासी जयकरण राम (75) अपने घर के समीप सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह घायल हो गये। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस इस मामले में अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

गेहूं के खेत से महिला का शव बरामद

मधेपुरा। बिहार में मधेपुरा जिले के सिंघेश्वर थाना क्षेत्र में गेहूं के खेत से पुलिस ने शनिवार को एक महिला शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि स्थानीय लोगों से मिली सूचना के आधार पर भवानीपुर और जोगवनी सीमा पर गेहूं के खेत से एक महिला का शव बरामद किया गया है। मृतक महिला की उम्र करीब 30 वर्ष और उसकी पहचान नहीं की जा सकी है। महिला की चाकू मारकर हत्या की गयी है। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल मधेपुरा भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

युवक की हत्या के विरोध में हाइवे जाम

मुरैना। मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में पंचायत भवन निर्माण के विवाद के चलते एक युवक की गोली मारकर हत्या किए जाने के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और थाना प्रभारी को तत्काल हटाने की मांग को लेकर आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया। कल देर रात के इस मामले में जाम लगने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर करीब पचास किलोमीटर दूर तक वाहनों की लंबी लंबी कतार लग गईं और यातायात लगभग पांच घंटे तक पूरी तरह बाधित रहा। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने स्थिति को नियंत्रण करने के लिए आसपास के थानों से बड़ी मात्रा में पुलिस बल वहां तैनात कर दिया और थाना प्रभारी सिविल लाइंस दर्शन शुक्ला को तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच के आदेश जारी किए। पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम सिलायथा में पंचायत भवन के निर्माण को लेकर दो गुटों के बीच के विवाद में कल देर शाम युवक ध्रुव सिंह किरार को श्यामू और राकेश ने गोली मार दी।

भाजपा नेता पीसी जॉर्ज को मिली जमानत

एजेंसी

कोट्टायम (केरल)। केरल में कोट्टायम जिले की एराट्टुपेट्टा न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट अदालत ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता पीसी जॉर्ज को जमानत दे दी, जिन्हें स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं का हवाला देते हुए 14 दिन की हिरासत में भेज दिया गया था। 24 फरवरी को श्री जॉर्ज भारत में कथित तौर पर आतंकवादियों से जुड़े एक समुदाय के खिलाफ अपनी टिप्पणी के सिलसिले में न्यायिक हिरासत में थे। इससे पहले 5 जनवरी को एक टीवी चैनल पर चर्चा के दौरान श्री जॉर्ज की टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उन्होंने तब भारत में मुसलमानों के एक वर्ग की तुलना आतंकवादियों से की थी और उनसे पाकिस्तान चले जाने को कहा था। सात बार के विधायक और केरल जनपक्षम (धर्मनिरपेक्ष) के पूर्व नेता जॉर्ज ने मामले के सिलसिले में कोट्टायम के एराट्टुपेट्टा में एक मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इससे पहले केरल उच्च न्यायालय ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि उन्होंने 2022 में इसी तरह के एक मामले में दी गई जमानत के मानदंडों का उल्लंघन किया है। भाजपा नेता के खिलाफ प्राथमिकी एराट्टुपेटा के मुहम्मद शिहाब द्वारा दायर की गई शिकायत के आधार पर दर्ज की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने समुदायों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने की कोशिश की। एराट्टुपेटा पुलिस ने मुस्लिम यूथ लीग म्युनिसिपल कमेटी की शिकायत के आधार पर जॉर्ज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उनकी टिप्पणी का उद्देश्य धार्मिक घृणा पैदा करना था।

श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग अब भी बंद

एजेंसी



श्रीनगर। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग कई स्थानों पर भूस्खलन के कारण पत्थर गिरने की वजह से शनिवार को भी बंद रहा। फिलहाल, इन मार्गों को साफ करने का काम जारी है। अधिकारियों ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे सफाई अभियान पूरा होने तक राजमार्ग पर यात्रा करने से बचें। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के अलावा, श्रीनगर-सोनमर्ग-गुमरी (एसएसजी) रोड सहित कई अन्य प्रमुख सड़कें जो कश्मीर को लेह से जोड़ती हैं, भद्रवाह-चंबा रोड, मुगल रोड और सिंथन रोड भी बर्फबारी और प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण बंद हैं। यातायात पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, जम्मू-श्रीनगर एनएचडब्ल्यू अभी भी बंद है। सफाई का काम चल रहा है। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे काम पूरा होने तक जम्मू-श्रीनगर एनएचडब्ल्यू पर यात्रा करने से बचें। इसके अलावा, एसएसजी रोड, भद्रवाह-चंबा रोड-मुगल रोड-सिंथन रोड अब भी बंद हैं। उन्होंने यात्रियों से यातायात पुलिस के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स और फेसबुक पेज पर सड़कों की स्थिति की जांच करने का आग्रह किया। इस बीच, पिछले 24 घंटों में जम्मू -कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश हुई। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में सबसे अधिक 23.0 मिलीमीटर (मिमी), गंदेरबल में 18.5 मिमी और पुलवामा में 15.0 मिमी बारिश हुई। काजीगुंड में 12.2 मिमी, कोकरनाग में 11.2 मिमी, पहलगाम में 7 मिमी, श्रीनगर में 1.4 मिमी और गुलमर्ग में 2.6 मिमी बारिश हुई।

पालघर पुलिस अधीक्षक बालासाहेब की पुलिस महज 50 दिनों में 7 सूत्रीय कार्यक्रम का सफलतापूर्वक किया क्रियान्वयन

शकुन टाइम्स संवाददाता

पालघर। पूरे महाराष्ट्र राज्य में पालघर जिले में पुलिस महकमे को प्रशासनिक सेवा को सुदृढ़ करने के लिए 100 दिन में 7 सूत्रीय कार्यकर्मो के सफल क्रियान्वयन की दिये गये डेड लाईन को महज 50 दिन पुरा करके पालघर पुलिस अधिक्षक बालासाहेब पाटील की पुलिस महाराष्ट्र राज्य में सबसे तेज अव्वल बन गयी है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस,उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार की ओर से मुंबई स्थित सहाद्री अतिथि गृह सभागार में गुरुवार,27 फरवरी को आयोजित सम्मान कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिक्षक, पालघर बालासाहेब पाटील को जिले में कानून के 7 सूत्रीय कार्यक्रम को सफलतापूर्वक अनुपालन करने के लिए राज्य में अव्वल बनने पर शाबाशी देते हुए प्रशस्तिपत्र देकर बधाई भेंट की गयी। बताते चलें कि राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा पूरे राज्य में 100 दिन में पुलिस प्रशासनिक सेवा के महत्वपूर्ण 7 सूत्रीय कार्यक्रमों के क्रियान्वयन जैसे बेवसाइट,सहज जीवन,स्वच्छता,शिकायत निवारण, कार्यालयीन सुविधाएं, आर्थिक एवं औद्योगिक निवेश का बढावा और क्षेत्रीय कार्यालयों में दौरा विषयक को सही मायने में अमलीजामा पहनाने को निर्देश दिये गये थें। राज्य सरकार की ओर से मिले 7 सूत्रीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन के दिशानिर्देश को लेकर पालघर पुलिस ने सर्वप्रथम जनोपयोगी बेवसाइट को पहले अपडेट्स करने के साथ आम लोगों के लिए चैट बाक्स,सायबर सुरक्षा की गांव-गांव,शहर-शहर सफल मुहिम,एएल आधारित चैट बाक्स, स्वच्छता,शिकायत निवारण, ई-कार्यालय कार्य प्रणाली, विजिटर मैनेजमेंट सिस्टम,एएल का कार्यवल में उपयोग,पेट्रोलिंग को देखरेख में थर्ड आई एप्लिकेशन जैसे महत्वपूर्ण कदम का बेहतरीन उपयोग करके ख्याति दर्ज कर ली। पालघर पुलिस की इस राज्यस्तरीय इस बड़ी उपलब्धि में पुलिस अधिक्षक समेत अपर पुलिस अधिक्षक विनायक नरले के मार्गदर्शन और सभी पुलिस क्षेत्राधिकारी के दिशानिर्देश में सभी थानों के थानाध्यक्ष तथा अन्य मातहतों का भी अभूतपूर्व योगदान रहा है।

व्हाइट हाउस में तीखी बहस के बाद ट्रम्प

ज़ेलेंस्की ने रद्द की खनिज समझौते पर हस्ताक्षर की योजना

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमिर जेलेंस्की के बीच शुक्रवार को व्हाइट हाउस में नोकझोंक होने के कारण खनिज समझौते पर हस्ताक्षर की योजना को रद्द कर दिया गया। गौरतलब है कि दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक से पहले अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने उनसे (श्री जेलेंस्की) से श्री ट्रम्प के प्रति आभार व्यक्त करने को कहने पर नोंकझोक शुरू हो गयी थी। श्री ट्रम्प ने कहा, श्री ज़ेलेंस्की लाखों लोगों के जीवन के साथ खेल रहे हैं और आप जो कर रहे हैं, वह इस देश के लिए बहुत अपमानजनक है! श्री ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट में कहा, मुझे लगता है कि यदि अमेरिका शामिल होता है, तो राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की शांति के लिए तैयार नहीं हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि वार्ता में हमारी भागीदारी अमेरिका को बड़ा लाभ देगी। मुझे लाभ नहीं चाहिए, मुझे शांति चाहिए। उन्होंने (श्री जेलेंस्की) राष्ट्रपति कार्यालय में अमेरिका का अपमान किया। उन्होंने कहा कि वह (श्री जेलेंस्की) शांति के लिए तैयार होने पर ही बातचीत के लिए अमेरिका वापस आ सकते हैं। वहीं श्री ज़ेलेंस्की ने 'एक्स' पर लिखा, धन्यवाद अमेरिका.. आपके समर्थन के लिए धन्यवाद, इस यात्रा के लिए धन्यवाद! धन्यवाद (राष्ट्रपति ट्रम्प), कांग्रेस और अमेरिकी लोगों को भी!

तीन मार्च को अपराह्न में होगी साय मंत्रिमंडल की बैठक

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में रविवार (02 मार्च) को अपराह्न 3.00 बजे से छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्रिपरिषद की बैठक मंत्रालय महानदी भवन में होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते है। गौरतलब है कि राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी 2025 का बजट 03 मार्च को विधानसभा में प्रस्तुत करेंगे। जानकारी के अनुसार मंत्रिमंडल की बैठक में श्री चौधरी बजट का मसौदा प्रस्तुत करेंगे। विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा होने की संभावना है। साथ ही इस बैठक में मंत्रियों को विधानसभा में विधायको के प्रश्नों के जवाब देने के विषय में भी चर्चा होगी। वहीं, बीते नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायतों में बंपर जीत के बाद उन्हें पर्याप्त राशि मुहैया कराए जाने पर भी चर्चा होगी।

नौशेरा में आत्मघाती विस्फोट में हक्कानी मदरसे के मौलाना सहित आठ लोगों की मौत

एजेंसी

नौशेरा। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनवा प्रांत के नौशेरा में मदरसे की मस्जिद को निशाना बनाकर किए गए आत्मघाती विस्फोट में दारुल उलूम हक्कानिया के एक शीर्ष अधिकारी समेत आठ लोगों की मौत हो गई जबकि कम से कम 18 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। शुक्रवार की नमाज के तुरंत बाद बम विस्फोट हुआ, जब पेशावर से लगभग 60 किलोमीटर (35 मील) पूर्व में स्थित अकोरा खट्टक में दारुल उलूम हक्कानिया मस्जिद में नमाजी नमाज पढ़कर निकल रहे थे। खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) जुल्फिकार हमीद ने स्थानीय मीडिया को बताया कि मौलाना समी-उल-हक हक्कानी के बेटे मौलाना हामिद-उल-हक हक्कानी हमले का निशाना थे। शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि दारुल उलूम हक्कानिया के उप प्रशासक और जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-सामी (जेयूआई-एस) के अमीर मौलाना हामिद ने आईसीयू में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। आईजीपी ने कहा कि विस्फोट स्थल पर पुलिस की टीमें मौजूद थीं और आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान भी चल रहा था। फोरेंसिक और जांच टीमों को घटनास्थल पर भेजा गया था और जिला पुलिस अधिकारी भी वहां मौजूद थे। रमजान से पहले यह आखिरी शुक्रवार की सभा थी, जिसमें बड़ी संख्या में नमाजी जुटे थे। मस्जिद ,मदरसा परिसर के अंदर स्थित है, जिसके छात्र छुट्टी पर जाने वाले थे, क्योंकि यह उनके शैक्षणिक वर्ष का अंतिम दिन था। विशाल परिसर में लगभग 4,000 छात्र रहते हैं, जिन्हें मुफ्त में खाना, कपड़े और शिक्षा दी जाती है। मस्जिद में सुरक्षा व्यवस्था में कई पुलिसकर्मी और एक पुलिस मोबाइल वैन की मौजूदगी शामिल है, जबकि मदरसा के कर्मचारी आगंतुकों की निगरानी करते हैं। मस्जिद दारुल उलूम हक्कानिया के केंद्र में स्थित है, जिसके बगल में दारुल-हदीस है। यह एक बड़ी इमारत है जहाँ वरिष्ठ छात्र अपनी पढ़ाई करते हैं। पास में ही छात्रावास और आवासीय क्वार्टर हैं। पेशावर के लेडी रीडिंग अस्पताल (एलआरएच) के प्रशासन और चिकित्सा कर्मचारियों को,जो विस्फोट स्थल से लगभग 45 मिनट की दूरी पर है, तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

मुठभेड़ में आतंकवादी गोल्डी बराड़ और गोल्डी ढिल्लों का गुर्गा गिरफ्तार

मोहाली। पंजाब के मोहाली में पुलिस ने एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) के साथ एक संयुक्त अभियान में विदेशी आतंकवादी गोल्डी बराड़ और गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों के एक गुर्गे गैंगस्टर मलकीत उर्फ मैक्सी को जीरकपुर-अंबाला हाईवे, एसएएस नगर पर घगर पुल के पास एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से एक .32 कैलिबर की पिस्तौल बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को कहा कि गैंगस्टर मलकीत ने हिरासत से भागने के प्रयास में पुलिस टीम पर गोलियां चलाईं। उन्होने कहा कि इसके बाद आत्मरक्षा में पुलिस टीम द्वारा गोलियां चलायी गयीं, जो मैक्सी के बाएं पैर में गोली लगी।

उन्होंने बताया कि घायल अवस्था में उसे मोहाली के सिविल अस्पताल भर्ती कराया गया। डीजीपी ने बताया कि अमृतसर के राजासांसी के गांव रोडाला का निवासी मैक्सी गोल्डी बराड़ और गोल्डी ढिल्लों के नेतृत्व वाले जबरन वसूली रैकेट में शामिल है।